CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 131 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 31 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162



## कानून तोड़ने वाला गुंडा या तो राजस्थान में आएगा नहीं, आएगा तो बचकर नहीं जाएगा : भजनलाल शर्मा

**राजस्थान नगर पालिका फेडरेशन कर्मचारी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- नगर पालिका कर्मचारी वह है जो केंद्र और राजस्थान सरकार की योजनाओं को शहरी तंत्र में नीचे के स्तर तक पहुंचाता है, नगर पालिका कर्मचारी सरकार और जनता के बीच कर रहा सेतु का कार्य, महा सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, यूडीएच मिनिस्टर झाबर सिंह खर्रा और नगरीय विकास विभाग के सभी बड़े अधिकारी भी रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को राजधानी जयपुर में आरआईसी में आयोजित राजस्थान नगर पालिका फेडरेशन कर्मचारी महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि झूठ, लूट और भ्रष्टाचार की राजनीति करने वाले लोगों ने प्रदेश और देश को लूट लिया लेकिन हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और हमने 400 से ज्यादा पृष्ठ लोगों को जेल की सलाखों में पहुंचा दिया है जो जेल में तड़प रहे हैं ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं न खाऊंगा, न खाने दूंगा वैसे ही हम राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार और संकल्प का गंभीरता से पालन कर रहे हैं और भ्रष्ट लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे हैं उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार झूठ, भ्रष्टाचार और लूट की राजनीति नहीं करती बल्कि हम राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र सेवा की भाव से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज रहे इसके लिए हमने ठोस कदम और प्रबंध किए हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में कानून तोड़ने वाला या तो आएगा नहीं और आ गया तो फिर बचकर नहीं जाएगा ।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन महासम्मेलन में आए कर्मचारियों को इंगित करते हुए कहा कि आप लोग शहरी तंत्र से जुड़े लोगों की समर्पित भाव से सेवा करते हैं, आप लोग वे हैं जो केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की योजनाओं को शहरी तंत्र में निचले स्तर तक संपादित करके लोगों की सेवा कर रहे हो उन्होंने कहा कि जैसे आप लोगों की सेवा करते हो वैसे ही सरकार भी आपकी हर मांग को पूरा करने के लिए गंभीरता पूर्वक प्रयास करती है उन्होंने कहा कि शहरी तंत्र के लोग सबसे पहले आपके पास ही अपनी समस्याएं लेकर आते हैं, सफाई, रोड लाइट,पानी, बिजली, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, पट्टा इत्यादि जरूरी कार्यों के लिए लोग सबसे पहले आपके पास ही आते हैं और आप लोग ही लोगों की समस्याओं का निवारण करते हैं इसलिए सरकार और जनता के बीच आप लोग एक सेतु का काम करते हो इसलिए प्रदेश और राष्ट्र के निर्माण में आपकी बहुत बड़ी भूमिका है ।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के सभी शहरों को स्वच्छता के मामले में पूरे देश में अग्रिम पंक्ति में लाने को कहा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह नगर निगम कर्मचारियों अधिकारियों के अच्छे कार्यों का ही परिणाम रहा की स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2025 में जयपुर नगर निगम ग्रेटर ने पूरे देश में 16 स्थान हासिल किया था और इस मामले में उदयपुर शहर ने भी अच्छी रेटिंग हासिल की लेकिन हमें स्वच्छता के मामले में निरंतर आगे भी इसी तरह से प्रदर्शन करते रहना है और प्रदेश के अन्य शहरों को भी स्वच्छता के मामले में पूरे देश में अग्रिम पंक्ति में लाने के लक्ष्य के साथ हमें काम करना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान का शुभारंभ किया था तब विरोधी दल यह कहा करते थे कि प्रधानमंत्री ने झाड़ू हाथ में ले ली लेकिन आज वही अभियान एक बड़ा जन आंदोलन बन चुका है और शहर गांव हर जगह छोटे बच्चे भी अगर हम गंदगी करते हैं तो हमें हाथों-हाथ ही टोक देते हैं यह पीएम मोदी के ओर से शुरू किए गए इस अभियान का ही परिणाम है उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत पूरे देश में हर घर में शौचालय बनाए गए जिसकी वजह से महिलाओं को सबसे ज्यादा सुविधा हो रही है ।

### हमने पिछले सवा दो साल में पानी और बिजली के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में शासन की बागडोर हाथ में लेने के पहले दिन से ही हमारी सरकार ने पूरे प्रदेश में समुचित रूप से और हर क्षेत्र में विकास का लक्ष्य निर्धारित करके एक विस्तृत रोड मैप तैयार किया जिसमें हमने सबसे पहले पानी के क्षेत्र में सबसे ज्यादा कार्य करने के बारे में सोचा क्योंकि पानी से ही खेती और उद्योग सीधे जुड़े हुए हैं इसलिए हमने रामसेतु लिंक जल परियोजना, यमुना समझोता,गंग नहर, सोमकला बंद, नर्मदा जैसे प्रोजेक्ट पर गंभीरता से काम किया इसमें रामसेतु लिंक जल परियोजना जिस पर गरीब 90000 करोड़ का खर्चा आएगा इसमें 26000 करोड रुपए के प्रोजेक्ट पर कार्य संपादित हो रहे हैं । इसी तरह से शेखावाटी के लोगों को यमुना का पानी उपलब्ध करवाने के लिए यमुना जल समझौता हरियाणा सरकार से किया गया जिसकी डीपीआर भी कंप्लीट हो गई है इसका समझौता हो गया है यह योजना बहुत जल्दी ही धरातल पर आ रही है। इसी तरह से गंग नहर के पिछले 100 साल के इतिहास में किसी ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया लेकिन हमारी सरकार ने गंग नहर के कार्यों को भी तेजी से आगे बढ़ाया है हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में लोगों को पीने का पानी उपलब्ध हो और किसानों को खेती का समुचित पानी मिले इसी दिशा में अलग-अलग योजनाएं और अलग-अलग प्रोजेक्ट तैयार करके उन्हें धरातल पर लाने का काम किया है जिससे निश्चित रूप से प्रदेश में पानी की कोई कमी नहीं रहेगी पानी से किसानों को भी फायदा होगा और उद्योगों को भी समुचित रूप से पानी मिलेगा ।

### 5 साल में 50 करोड़ नए पेड़ लगाने की दिशा में हमारी सरकार तेजी से कर रही कार्य

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार सतत प्रयास कर रही है इसी क्रम में पूरे प्रदेश में बंदे गंगाजल संरक्षण अभियान को व्यापक रूप से संपादित किया जा रहा है इसमें कुआ, बावड़ी, झील, तालाब इत्यादि के साफ सफाई के साथ-साथ वर्ष के जल का संरक्षण करने के लिए मौके पर ठोस व्यवस्था पूरे प्रदेश में पंचायत स्तर पर की जा रही है इसके अलावा इस बार भी हम मानसून में 10 करोड़ नए पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किए हुए हैं पिछले दो सालों में हमने लक्ष्य से ज्यादा पेड़ लगाए और इस बार भी हम निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा पेड़ लगाएंगे हमने 5 साल में 50 करोड नए पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड़ की सुरक्षा और रखवाली के लिए भी व्यवस्था की जा रही है इस तरह से प्रदेश में पर्यावरण अच्छा और स्वस्थ हो इसके लिए हम पूरे प्रदेश भर में वृक्षारोपण कार्यक्रम को गंभीरता से अंजाम तक पहुंचा रहेहैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले सवा दो साल में बिजली उत्पादन के क्षेत्र में हमने शानदार उपलब्धि हासिल की है और हम सौर ऊर्जा के क्षेत्र में पूरे देश में सबसे आगे हैं और आने वाले समय में बहुत जल्दी ही हम बिजली के क्षेत्र में पूरी तरह से आत्मनिर्भर और स्वावलंब बनने वाले हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान जो शुरू से ही महंगी दर पर बिजली खरीदना था

## मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा युवा मोर्चा की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन, आज पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों तथा राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों को लेकर प्रदेशभर में व्यापक जन-जागरण अभियान चलाए जा रहे है। इसके अंतर्गत योग दिवस, एक पेड़ मां के नाम, वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान, परिंडे लगाओ अभियान, मीडिया संवाद, जनकल्याण शिविर, प्रगति पथ यात्रा, ग्राम चौपाल तथा रात्रि चौपाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से जोड़ा जाएगा। सैनी ने बताया कि इन अभियानों में पार्टी के सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भाग लेते हुए जनता के बीच पहुंच रहे हैं। प्रदेशभर में सभागार बैठकों और छोटी-छोटी संवादात्मक बैठकों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की विकास यात्रा को लोगों तक पहुंचाया जा रहा। भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का विशेष प्रसारण को आज प्रदेश कार्यालय सहित प्रदेशभर के सभी बूथों पर सुना जाएगा। प्रदेश कार्यालय में इसका लाइव प्रसारण होगा वहीं मुख्यमंत्री निवास पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आगामी संगठनात्मक बैठकों का



आयोजन भी आधुनिक तकनीक और आनलाइन माध्यम से किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए विशेष जन संपर्क अभियान का दायित्व प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, सभागार बैठकों का दायित्व भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी, जनकल्याण शिविर का दायित्व प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल, मोदी सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी का दायित्व प्रदेश महामंत्री डॉ मिथिलेश गौतम, विश्व पर्यावरण दिवस का ?दायित्व वरिष्ठ भाजपा नेता जसवंत विश्नोई, प्राकृतिक खेती कार्यशाला का दायित्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह टीटी, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का दायित्व प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहूर, मीडिया संवाद का दायित्व मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ और इनकी टोली को दिया गया है। सैनी ने कहा कि राजस्थान सरकार का वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण जनआंदोलन बनता जा रहा है। प्रदेश के 23 जिलों में बावड़ियों, कुओं और पारंपरिक जल स्रोतों की सफाई का कार्य जनभागीदारी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं इस अभियान में भाग लेकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। मंत्री, विधायक, संगठन पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए गांव-गांव पहुंच रहे हैं ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो और भूजल स्तर में वृद्धि हो सके।

सैनी ने बताया कि भीषण गर्मी के बावजूद प्रदेश में बिजली और पानी की व्यवस्थाओं को लेकर सरकार लगातार सक्रिय है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं विभिन्न क्षेत्रों में जाकर रात्रि विश्राम कर रहे हैं तथा जनता की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। ग्राम चौपाल और रात्रि चौपाल के माध्यम से सरकार और संगठन सीधे जनता के बीच पहुंच रहे हैं। पानी की समस्या को लेकर सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और संबंधित विभागों को लगातार आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर चलाए जा रहे ये अभियान जनता को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता और जनजागरण को भी मजबूत करेंगे।

## दिल्ली में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम, आईएसआई और अंडरवर्ल्ड से जुड़े नौ आतंकी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स/नई दिल्ली/एजेंसी

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और मुंबई अंडरवर्ल्ड से जुड़े एक संदिग्ध आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई लंबे समय से चल रही जांच और खुफिया सूचनाओं के आधार पर की गई। मॉड्यूल की गतिविधियों पर कुछ समय से नजर रखी जा रही थी, जिसके बाद समन्वित अभियान चलाकर इसके सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और मुंबई अंडरवर्ल्ड से जुड़े लोगों के इशारे पर काम कर रहे थे। उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और सुरक्षा बलों के ठिकानों को निशाना बनाने का जिम्मा सौंपा गया था। पुलिस का कहना




है कि आरोपी सार्वजनिक स्थानों और सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हमले की साजिश रच रहे थे। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर उनके पूरे नेटवर्क, अन्य सहयोगियों की पहचान और बरामद हथियारों व विस्फोटकों के स्रोत का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। दिल्ली पुलिस इस मामले में सीमा पार संबंधों, फंडिंग नेटवर्क और विदेश में बैठे संचालकों की भूमिका की भी जांच कर रही है पुलिस पूछताछ में पता चला है कि संदिग्ध आरोपी पावर प्लांट, न्यूक्लियर प्लांट, बिजली घर, एयरपोर्ट, रेलेव स्टेशनों को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे।




CMYK

## शतरंज स्पर्धाः वान्या अग्रवाल ने जीता कांस्य पदक

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** झालावाड़ में आयोजित राजस्थान स्टेट सलेक्शन शतरंज प्रतियोगिता 2026 के अंडर-7 गर्ल्स वर्ग में अलवर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी वान्या अग्रवाल ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में वान्या ने 6 राउंड में 4 अंक अर्जित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वान्या की इस उपलब्धि से खुशी का माहौल है। अब वान्या राष्ट्रीय अंडर-7 शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेकर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। अलवर जिला शतरंज संघ के सचिव हरिओम भड़ाना, अध्यक्ष हर्षवर्धन, प्रमोद गुप्ता, डॉ राकेश गुप्ता, रजनीश जैमन, कोच यश सोमवंशी, प्रदीप शर्मा आदि ने आगामी टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दी।

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को ठेकेदार संघ ने सौंपा ज्ञापन

### नगर विकास न्यास में सेवानिवृत्त अभियंता के पुनः पदस्थापन पर जताया विरोध



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगर विकास न्यास ठेकेदार संघ, अलवर ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को नगर विकास न्यास (यूआईटी) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के पुनः पदस्थापन के विरोध में ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन बहरोड़ स्थित आर.पी.एस. स्कूल में आयोजित सांसद खेल उत्सव समर कैंप के उद्घाटन समारोह के दौरान सौंपा गया। संघ के महामंत्री यशवंत कुमार मीणा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया गया कि नगर विकास न्यास में कार्यरत रहे सेवानिवृत्त सहायक अभियंता (सिविल) कुमार संभव अवस्थी को राजस्थान सरकार द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद एक वर्ष के लिए अधिशाषी अभियंता (सिविल) पद पर नियुक्त किया गया है। संघ ने आरोप लगाया कि उक्त अधिकारी की कार्यशैली संवेदकों (ठेकेदारों) के प्रति द्वेषपूर्ण रही है तथा उनका व्यवहार भी संतोषजनक नहीं रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं आरोपों को ध्यान में रखते हुए उनके पुनः पदस्थापन को निरस्त किया जाए, ताकि नगर विकास न्यास अलवर में कार्यरत ठेकेदारों को राहत मिल सके तथा विकास कार्यों में पारदर्शिता और सुगमता बनी रहे। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मामले पर शीघ्र ध्यान देकर उचित कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ अध्यक्ष लोकेश धारवाल, महासचिव बिजेंद्र सिंह चौधरी, महामंत्री यशवंत कुमार मीणा, कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा, संगठन मंत्री बरकत खान, कार्यकारिणी सदस्य गंगाराम मीणा, बाबूलाल मीणा, वीरेंद्र जैन, निरंजन सैनी, राजन नाटानी, सुबे सिंह गुर्जर, दीपक कुमार आहुजा सहित बड़ी संख्या में ठेकेदार उपस्थित रहे।

## विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** 132 केवी जीएसएस सरमथुरा पर मरम्मत व रख रखाव का कार्य होने के कारण 31 मई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता सागरपाड़ा मुकेश कुमार ने बताया कि जीएसएस सरमथुरा से निकलने वाले 33 केवी सरमथुरा, बड़ागांव, बरौली, झिरी फीडरों की 31 मई को प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## वन राज्यमंत्री ने की भगवान श्री अरूट महाराज जी की जयंती समारोह में शिरकत कर शोभायात्रा को झण्डी दिखाकर किया रवाना

### पर्व एवं त्योहार सामाजिक सौहार्द के प्रतीक - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने विवेकानन्द चौक स्थित पुरूषार्थी धर्मशाला में खत्री पंजाबी समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित भगवान श्री अरूट महाराज जी की जयंती समारोह में शिरकत की। इस दौरान वन राज्यमंत्री ने भगवान श्री अरूट महाराज की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की तथा आयोजित शोभायात्रा को भगवा झण्डी दिखाकर रवाना किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि भगवान श्री अरूट महाराज जी का इतिहास अत्यंत गौरवशाली और पावन है। वे भगवान श्री राम के वंशज माने जाते हैं, जिन्होंने त्रेतायुग में समाज को एकता, मर्यादा और पुरुषार्थ का मार्ग दिखाया। भगवान अरूट महाराज हिंदू-सिख एकता और सामाजिक सौहार्द के ऐसे मजबूत प्रेरणास्रोत हैं, जिनकी शिक्षाएं वर्तमान के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री अटरू महाराज के बताए मार्ग पर चलकर विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खत्री पंजाबी समाज का देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान रहा है तथा समाज का इतिहास हमेशा से पुरुषार्थ और सेवा का रहा है। शिक्षा, व्यापार, और समाज सेवा का कोई भी क्षेत्र हो, इस समाज ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने इस पावन अवसर पर आमजन से आग्रह करते हुए कहा कि वर्तमान में जल संकट और पर्यावरण संतुलन हमारे सामने एक बड़ी चुनौती है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' जैसे बड़े कदम उठा रही है। भगवान अरूट जी के आदर्शों पर चलते हुए हम सब जल की एक-एक बूंद को बचाने और पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लें। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा, खत्री पंजाबी समाज सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेरू विंग, खत्री पंजाबी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक नागपाल, डॉ. अमित छाबडा, पकज मल्होत्रा, महेश खत्री, गुलशन ग्रोवर, चरनजीत सुनेजा, दौलतराम हजरती, सौरभ कालरा, यश तलवार, उत्कर्ष अरोडा, सतीश भाटिया, प्रेम गांधी, राजेन्द्र आहूजा, ओमप्रकाश कुकरेजा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में श्रृद्धालु मौजूद रहे।

## नंगली ओझा चारागाह में जल चौपाल आयोजित, जल संरक्षण का दिया संदेश



### जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में बढ़ा वंदे गंगा अभियान, ग्रामीणों ने किया श्रमदान

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिलेभर में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को लेकर व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नंगली ओझा स्थित चारागाह विकास कार्यस्थल पर जल चौपाल, श्रमदान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित जल चौपाल में ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। चारागाह क्षेत्र में स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा निर्मित जोहड़ में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। ग्राम में निकाली गई प्रभात फेरी के माध्यम से जल बचाओ और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। अधिशासी अभियंता छत्रपाल यादव ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पक्षियों के लिए परिंदे लगाए गए तथा आगामी वृक्षारोपण कार्यक्रमों की तैयारी के तहत गड्ढे खोदे गए। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और वर्षा जल संचयन को अपनाने का आह्वान किया गया। अभियान के तहत पंचायत समिति किशनगढ़ बास के नांगल मोहम्मदपुर तथा पंचायत समिति तिजारा की ग्राम पंचायत नाखनौल में भी विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के अंतर्गत जिले में पूर्ण किए गए 75 कार्यों का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा अवलोकन किया गया। इन कार्यों के माध्यम से जल संरक्षण के सकारात्मक परिणामों और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अधिशाषी अभियंता क्षत्रपाल यादव, सरपंच धर्मेंद्र चौधरी, कनिष्ठ अभियंता राहुल चौधरी, राकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आमजन ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और सामूहिक प्रयासों से ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं पर्यावरण संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## एचआईवी/एड्स जागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

### आयुष्मान विद्या सोसायटी ने ग्रामीणों को दी स्वास्थ्य एवं रोग-निवारण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आयुष्मान विद्या सोसायटी (एवीएस) द्वारा ग्राम गाजुका में एचआईवी/एड्स जागरूकता विषयक स्वास्थ्य कार्यशाला एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 60 लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सोसायटी की कोषाध्यक्ष चंद्रकला परमार के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने संस्था के उद्देश्यों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आयुष्मान विद्या सोसायटी राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में जनजागरूकता के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके बाद सोसायटी के सचिव हर्ष परमार ने संस्था का परिचय प्रस्तुत किया तथा सदस्य राजवीर चौहान ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरक विचार व्यक्त किए। मुख्य सत्र में हर्ष परमार ने एचआईवी/एड्स एवं यौन संचारित रोगों के कारण, बचाव, जांच और उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में एचआईवी की जांच और उपचार की सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क एवं गोपनीय रूप से उपलब्ध हैं। उन्होंने एचआईवी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने तथा संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने का संदेश भी दिया। कार्यशाला के दौरान सोसायटी की सदस्य अमृता कुमारी ने बच्चों के नियमित टीकाकरण की महत्ता बताते हुए अभिभावकों को निर्धारित समय पर टीके लगवाने के लिए जागरूक किया। वहीं सदस्य मनोज व्यास ने एचपीवी टीके एवं सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए इसके महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश दहिया ने खुला प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित कर प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य जागरूकता को समाज की आवश्यकता बताया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, जिसमें रक्तचाप सहित अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को ग्रामीणों ने उपयोगी एवं जनहितकारी बताते हुए इसकी सराहना की।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियानः जल संरक्षण की दिशा में जन आंदोलन

### वर्षा जल की बूंद-बूंद संचयन हेतु आमजन में रहा है जागरूकता का प्रसार

### सामूहिक जन सहभागिता से निखर रहा है जल संरचनाओं का स्वरूप

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्षा जल की बूंद-बूंद का संचयन करने, भूजल स्तर को बढाने एवं पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से प्रदेश में 5 जून तक संचालित 'वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान-2026' जन-जन का अभियान बनकर जल संरक्षण की दिशा में महती भूमिका निभा रहा है।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जल संरक्षण के विजन को साकार करते हुए जिले में तालाबों, नहरों और कुओं की स्थानीय स्तर के जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामूहिक सहभागिता से श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई की जा रही है। जिले में में औद्योगिक इकाइयों और नगर निकायों को जोड़कर सीएसआर कार्यशालाओं के जरिए जल संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में राजीविका समूहों की महिलाओं द्वारा कलश यात्राएँ, जल संरक्षण शपथ, जागरूकता रैली निकाल कर आमजन को वर्षा जल की बूंद-बूंद संचयन हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही आमजन को जल बचाने और जल संरक्षण ढाँचा तैयार करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जल संरक्षण के इन कार्यों से न केवल जिले का भू-जल स्तर सुधरेगा, बल्कि पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में देवस्थान विभाग द्वारा प्रमुख मंदिरों में विशेष आरती का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रृद्धालुओं ने बढचढकर भाग लिया। वहीं अभियान के तहत जल संचय संरचनाओं की साफ-सफाई एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टंकियों व अन्य जल संग्रह संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य भी किया गया।

# समर कैंप 2026 का भव्य शुभारंभ, 609 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगा उन्नत प्रशिक्षण

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, वन राज्यमंत्री संजय शर्मा एवं ओलंपियन योगेश्वर दत्त की उपस्थिति में हुआ उद्घाटन

## केंद्र एवं राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही - केंद्रीय मंत्री यादव

जयपुर टाइम्स



**कोटपूतली-बहरोड़(निसं.)।** अलवर सांसद खेल उत्सव 2025-26 के अंतर्गत आयोजित 'समर कैंप 2026' का भव्य शुभारंभ आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल, बहरोड़ में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेंद्र यादव, राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार, युवा मामले और खेल, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता तथा सैनिक कल्याण विभाग मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा तथा भारतीय ओलंपिक पदक विजेता एवं पद्मश्री सम्मानित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश्वर दत्त की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। भूपेंद्र यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है। युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद खेल उत्सव एवं समर कैंप जैसे नवाचारात्मक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए 'फिट इंडिया' और 'खेलों इंडिया' के संदेश के माध्यम से देशभर में खेलों को बढ़ावा मिला है तथा खेल भावना व्यक्ति को हर परिस्थिति में सकारात्मक बनाए रखती है। उन्होंने कहा कि 'हार तब होती है जब मन से हार जायें, मन को मजबूत बनायें, संकल्प लेकर आगे बढ़े, अनुशासन के साथ लक्ष्य की प्राप्ति करें'।

भूपेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से खेलों में सक्रिय भागीदारी करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए हॉकी के लिए एस्ट्रोटर्फ, कुश्ती स्टेडियम सहित कई विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने गांव स्तर पर ग्रामीण के सहयोग से कबड्डी स्टेडियम एवं ट्रैक विकसित करने की भी बात कही।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों में 10वीं के 100 बच्चों का चयन कर के 2 साल निशुल्क कोचिंग प्रदान कर उज्जवल भविष्य हेतु मार्ग प्रशस्त करने का कार्य करेंगे।

**हार नहीं माने, सीख लेकर आगे बढ़ते रहे- कर्नल राज्यवर्धन**

मंत्री राठौड़ ने कैम्प प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने क्षेत्र में शिक्षा, खेल, सहकारिता, महिला सुरक्षा सहित सभी क्षेत्रों में अतुलनीय कार्य करते हुए सभी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देने का कार्य किया है। खेल सांसद उत्सव ने क्षेत्र के युवाओं में छुपी हुई प्रतिभा को मंच प्रदान करने का कार्य किया है, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कोच, खेल सुविधाएं, ट्रेक, मैदान उपलब्ध होने से क्षेत्र का राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नाम रोशन होगा। उन्होंने युवाओं से इन सुविधाओं का उपयोग करते हुए अपनी प्रतिभा का और निखारने का आव्हान किया। राठौड़ ने कहा प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने की दिशा में सरकार द्वारा 10 से 14 साल के बच्चों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान कर ओलंपिक खेलों के लिए तैयार करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने अपने ओलंपिक के दिनों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए, हार से सीख लेते हुए सदैव आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वाश, सबका प्रयास' को पूर्ण करने के लिए सरकार सदैव प्रतिबद्ध है।

**सांसद खेल उत्सव से क्षेत्र की प्रतिभाओं को मिला मंच- शर्मा**

वन मंत्री संजय शर्मा ने प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सांसद खेल उत्सव ने क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने और उचित मंच प्रदान करने का कार्य किया है। लगातार युवाओं का इसके प्रति रुझान बढ़ रहा है। सांसद के प्रयासों से क्षेत्र के बच्चे राष्ट्र स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी क्षेत्र लगातार आगे बढ़ रहा है, केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार क्षेत्र को उन्नति की और अग्रसर कर रही है।

**इससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को नई पहचान और आगे बढ़ने का सशक्त मंच मिलेगा- दत्त**

ओलंपियन योगेश्वर दत्त ने प्रतिभागियों को शुभकामाएं देते हुए कहा कि समर कैंप 2026 केवल खेल प्रशिक्षण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास, व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को नई पहचान और आगे बढ़ने का सशक्त मंच मिलेगा। उन्होंने अपने साझा करते हुए बताया कि खेल सांसद उत्सव में दी जा रही उत्तम सुविधाओं का उपयोग करते हुए अपने कौशल को निखारें एवं देश व क्षेत्र का नाम रोशन करें। सांसद एवं उनकी टीम द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है, इससे प्रेरणा लेते हुए युवाओं को खेलों में और आगे आना चाहिए।

**समर कैंप में प्रतिभाओं को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण**

सांसद खेल उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 609 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन समर कैंप 2026 के लिए किया गया है। वर्ष 2025 में आयोजित प्रथम समर कैंप में 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जबकि वर्ष 2026 के लिए प्रतिभागी खिलाड़ियों की संख्या बढ़कर 609 हो गई है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष पंजीकरण शुल्क निर्धारित होने के बावजूद खिलाड़ियों का उत्साह और सहभागिता बढ़ी है।

वर्ष 2025 में अलवर स्थित एलआईईटी कॉलेज, चिकानी में आयोजित कैंप में 7 राज्यों से आए 29 प्रशिक्षकों ने 9 खेल विधाओं में प्रशिक्षण दिया था। वहीं इस वर्ष आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल, बहरोड़ में आयोजित कैंप में 9 राज्यों से आए 33 प्रशिक्षक 14 खेल विधाओं में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के विशेषज्ञ प्रशिक्षक खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकों से प्रशिक्षित करेंगे।

# लोकतंत्र में असहमति का अधिकार लेकिन कानून तोड़ने, लोगों को उकसाने का अधिकार किसी को नहीं- मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्षी राजनेताओं द्वारा लगातार अपनाई जा रही असंसदीय भाषा, अराजक राजनीति और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध किए जा रहे आचरण पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, विरोध भी होना चाहिए, लेकिन विरोध और दुश्मनी के बीच की रेखा को लांघना लोकतंत्र के लिए घातक है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा विचारों का विरोध करती है, लेकिन हमारी राजनीतिक संस्कृति में शब्दों की मर्यादा और सार्वजनिक जीवन की गरिमा को हमेशा सर्वोच्च स्थान दिया गया है। विपक्ष का धर्म सरकार की कमियों को उजागर करना है, जनता के मुद्दों को उठाना है और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना है, लेकिन व्यक्तिगत कटुता, अपमानजनक शब्दों और सामाजिक वैमनस्य को बढ़ावा देना किसी भी जिम्मेदार राजनीतिक दल या नेता को शोभा नहीं देता। मदन राठौड़ ने कहा कि आज राजनीति में सबसे बड़ी आवश्यकता संवाद, शालीनता और वैचारिक संघर्ष की है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण रूप से कुछ नेता राजनीतिक लाभ के लिए समाज में टकराव और आवेश का वातावरण तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं। हनुमान बेनीवाल की भाषा और उनके सार्वजनिक वक्तव्यों में बार-बार इसी प्रवृत्ति की झलक दिखाई देती है। राठौड़ ने कुचामन प्रवास के दौरान हनुमान बेनीवाल के समर्थकों द्वारा किए गए हमले पर कहा कि अचानक कुछ लोग हाथों में तख्तियां लेकर उनकी गाड़ी के समीप पहुंचे और आक्रामक व्यवहार करने लगे। स्थिति को देखते हुए सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें वाहन से नीचे उतरने से रोक दिया। राठौड़ ने कहा कि यदि कोई अपनी बात रखना चाहता है तो उसका स्वागत है, लेकिन यदि किसी की मंशा संवाद के बजाय भय का वातावरण बनाना या हमला करने जैसी प्रतीत हो, तो यह लोकतांत्रिक विरोध नहीं बल्कि अराजकता का संकेत है। इस प्रकार की घटनाएं यह अवश्य दर्शाती हैं कि कुछ लोग लोकतांत्रिक विरोध के बजाय टकराव की राजनीति को बढ़ावा देना चाहते हैं। राठौड़ ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी युवाओं को सकारात्मक दिशा देना, कानून का सम्मान करना और समाज में अनुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना होती है लेकिन जब कोई नेता सार्वजनिक मंचों से लोगों को बिजली बिल नहीं भरने, मीटर रीडर का विरोध करने, सरकारी व्यवस्थाओं को चुनौती देने या कानून व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा करने वाले संदेश देता है, तो वह युवाओं को गलत दिशा में ले जाने का कार्य करता है। राठौड़ ने कहा कि वे कानून के शासन को कमजोर करते हैं। स्पष्ट है कि बेनीवाल युवा पीढ़ी को बर्बाद करने के साथ ही पथभ्रष्ट कर रहे है। वे स्वयंभू सुप्रीमो बन रहे है। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है, लेकिन कानून तोड़ने और लोगों को उकसाने का अधिकार किसी को नहीं है। राठौड़ ने कहा कि संविधान की शपथ लेकर संसद और विधानमंडलों में पहुंचने वाले जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कानून और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति सम्मान का भाव रखें। जो लोग स्वयं संविधान की शपथ लेते हैं और फिर जनता को व्यवस्था के खिलाफ भड़काने का कार्य करते हैं, उन्हें आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। राजनीतिक जीवन में शब्दों का विशेष महत्व होता है। एक नेता के शब्द लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं। इसलिए सार्वजनिक जीवन में भाषा की गरिमा बनाए रखना अनिवार्य है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज कुछ नेता ऐसी शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं जो न केवल राजनीतिक संवाद को दूषित कर रही है बल्कि लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचा रही है। भाजपा का स्पष्ट मानना है कि विपक्ष मजबूत होना चाहिए सरकार की आलोचना भी होनी चाहिए और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष भी होना चाहिए, लेकिन विरोध का अर्थ दुश्मनी नहीं होता। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी शत्रु नहीं होते। लोकतंत्र में ऐसा वातावरण होना चाहिए कि विचारों में मतभेद होने के बावजूद व्यक्ति एक-दूसरे के प्रति सम्मान बनाए रखें। राठौड़ ने कहा कि राजनीति को व्यक्तिगत आरोपों, अभद्र भाषा और उकसावे की संस्कृति से मुक्त करने की आवश्यकता है। समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत करना राजनीतिक नेतृत्व की जिम्मेदारी है। यदि राजनीतिक दल और नेता स्वयं मर्यादाओं का पालन नहीं करेंगे तो लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होगी और जनता का विश्वास भी प्रभावित होगा। उन्होंने मीडिया से भी अपील की कि लोकतांत्रिक मूल्यों, शालीन राजनीतिक संवाद और सकारात्मक राजनीति को बढ़ावा देने में अपनी रचनात्मक भूमिका निभाएं। समाज और लोकतंत्र के हित में ऐसी राजनीति को प्रोत्साहन मिलना चाहिए जो संवाद, विकास, संवैधानिक मूल्यों और जनसेवा पर आधारित हो। भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक परंपराओं, राजनीतिक शुचिता और स्वस्थ संवाद की पक्षधर रही है और आगे भी रहेगी। भाजपा वैचारिक संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटेगी लेकिन राजनीति को व्यक्तिगत दुश्मनी, असंसदीय भाषा और अराजकता का माध्यम बनाने के किसी भी प्रयास का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देती रहेगी।

## सेंट्रल जेल में कैदी ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की, जेल प्रशासन में हड़कंप मचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में बीकानेर स्थित सेंट्रल जेल में शनिवार की तड़के बैरक में एक कैदी ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । इस घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। मृतक कैदी दीपक कुमार सूरतगढ़ का रहने वाला है दो दिन पहले दीपक कुमार ने जेल में एक अन्य कैदी पर जानलेवा हमला बोला था। इसके अलावा दीपक कुमार मानसिक रूप से भी बीमार था इसलिए कैदियों की सुरक्षा को देखते हुए जेल प्रशासन की ओर से दीपक कुमार को एक अलग बैरक में रखा हुआ था, लेकिन सेंट्रल जेल की बैरक में कैदी की ओर से सुसाइड करने के इस मामले से कहीं ना कहीं जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लग गया है क्योंकि जेल में अत्याधिक सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं इन सीसीटीवी कैमरे में सेंट्रल जेल में विभिन्न बैरक में बंद कैदियों की गतिविधियों के फोटोस कैद होते रहते हैं जिन पर जेल प्रशासन की निगाहें भी टिकी रहती है इसके बावजूद दीपक कुमार का अपनी ही बैरक में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करना कहीं ना कहीं जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रहा है जानकारी के अनुसार दीपक कुमार ने पूर्व में भी जेल के अंदर ही आत्महत्या करने की कोशिश की थी इसके अलावा जेल से बाहर भी वह आत्महत्या करने का प्रयास पहले कर चुका है । दीपक कुमार की इन गतिविधियों के बारे में जेल प्रशासन के पास पूरी जानकारी थी इसके बावजूद भी कहीं ना कहीं जेल प्रशासन की ओर से दीपक कुमार पर नियमित रूप से कड़ी निगरानी नहीं रखी गई अगर कड़ी निगरानी रखी जाती तो दीपक कुमार को आत्महत्या करने से रोका जा सकता था ।

## कुवैत से मंगवाया गया 1.73 करोड़ रुपए कीमत का अवैध सोना बरामद, तीन लोगों को लिया हिरासत में

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में डूंगरपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर लेहना घाटी में पुलिस ने एक कार से 1 किलो 77 ग्राम अवैध सोना बरामद किया है। पुलिस ने कार में सवार तीन लड़कों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है । पुलिस के प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि बरामद किया हुआ सोना तस्करी से कुवैत से अहमदाबाद आया था और फिर इस सोने को बांसवाड़ा ले जाया जा रहा था । पुलिस अब गिरफ्तार युवकों से पूछताछ करके यह पता लगा रही है कि कुवैत से किन लोगों ने यह सोना मंगवाया था और बांसवाड़ा में किन लोगों के पास यह सोना भिजवाया जा रहा था । पुलिस गिरफ्तार युवकों से पूछताछ कर यह भी पता लग रही है कि अब से पहले वह इस तरह से कितनी बार अवैध सोना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंच चुके हैं पुलिस को संदेह है कि गिरफ्तार तीनों युवक तस्करी ग्रुप से जुड़े हुए हो सकते हैं इसलिए पुलिस इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने की कोशिश कर रही है। बरामद किया गया सोना इलेक्ट्रिक चूल्हे में रिंग बनाकर छुपाया हुआ था लेकिन पुलिस ने बहुत ही चतुराई से इलेक्ट्रिक चूल्हे में रिंग के रूप में छुपाए गए सोने को खोज लिया।

## भारी मात्रा में 500 रुपए के नकली नोट बरामद, 17000 रुपए के असली नोट देकर 40 हजार रुपए के नकली नोट खरीदे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के दोसा में कोतवाली थाना इलाके में पुलिस ने एक जने से 40000 रुपए के 500 -500 रुपए के 80 नोट बरामद किए हैं, यह नकली नोट आयुष नाम के युवक से बरामद किए गए हैं आयुष ने पूछताछ में बताया कि उसने यह नकली नोट 17000 रुपए के असली नोट देकर 40000 रुपए के नकली नोट कुलदीप गुर्जर से लिए हैं पुलिस अब आयुष के बयानों के आधार पर कुलदीप गुर्जर की तलाश कर रही है पुलिस आयुष से पूछताछ कर यह भी पता लगा रही है कि उसने यह नकली नोट पहली बार ही लिए हैं या इससे पहले भी उसने इसी तरह के नकली नोट बाजार में प्रचलन में डाले हैं पुलिस आयु से पूछताछ करके पता लग रही है कि वह इन नोटों को कैसे और किस तरह से और किन लोगों को सप्लाई करने जा रहा था, पुलिस पूछताछ करके यह भी पता लग रही है कि आयुष और कुलदीप के बीच आपस में मेलजोल कब से है और दोनों कब पहली बार आपस में मिले थे फिलहाल पुलिस का कहना है कि कुलदीप गुर्जर की तलाश की जा रही है कुलदीप गुर्जर के मिलने के बाद ही पुलिस की आगे की जांच तेजी से बढ़ पाएगी इसलिए मिले संकेतों के आधार पर पुलिस ने कुलदीप गुर्जर की तलाश में कई जगहों पर टीम भेजी है ।

## राहुल गांधी कल पुष्कर में पार्टी के जिला अध्यक्षों को गुरु ज्ञान देने आएंगे, प्रदेश के कई बड़े नेता कैंप में मौजूद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कल अजमेर के पुष्कर में पार्टी के जिला अध्यक्षों के ट्रेनिंग कैंप को संबोधित करने आ रहे हैं इस ट्रेनिंग कैंप को कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेताओं ने संबोधित किया है। अब राहुल गांधी भी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्षों को पार्टी के संगठन के मजबूती प्रदान करने जैसे कई बड़े विषयों पर अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश और सिख देंगे । इस ट्रेनिंग कैंप में राजस्थान के कांग्रेस पार्टी के 50 और दिल्ली के 10 जिला अध्यक्ष शामिल हैं इस ट्रेनिंग कैंप को अशोक गहलोत, सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली, केशु वेणुगोपाल सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित कई बड़े नेता संबोधित कर चुके हैं गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली तो बाकायदा इस ट्रेनिंग कैंप के पहले दिन से ही पुष्कर में डेरा डाले हुए हैं और लगातार पार्टी के जिला अध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश और संगठन से जुड़े विषयों पर बारीकी से जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पुष्कर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि इस ट्रेनिंग कैंप में कांग्रेस पार्टी के नीति नियम सिद्धांतों के बारे में जिला अध्यक्षों को बारीकी से जानकारी देकर उन्हें अपने-अपने जिलों में कांग्रेस पार्टी से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के बारे में आवश्यक टिप्स और दिशा निर्देश भी दिए जा रहे हैं। पायलट ने कहा कि इस तरह के ट्रेनिंग कैंप कांग्रेस पार्टी की ओर से पूरे देश में संपादित किए जाएंगे ताकि कांग्रेस पार्टी के छोटे बड़े सभी नेताओं को राहुल गांधी के विचार और विजन को प्रभावी तरीके से रखकर सामूहिक रूप से कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने के प्रयास किए जाएंगे। राजनीतिक विश्लेषण का कहना है कि आने वाले महीनों में प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव आयोजित होने वाले हैं ऐसे में कांग्रेस पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी के संगठन को और मजबूत करने की दिशा में सतत प्रयास कर रही है इसी क्रम में पार्टी के जिला अध्यक्षों को भी पूरी तरह से पारंगत और प्रशिक्षित करके उन्हें फील्ड में भेजा जाएगा ताकि वे प्रदेश के लोगों को ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस पार्टी से जोड़ सके और कांग्रेस पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, नीति और सिद्धांत के बारे में भी लोगों को जानकारी देकर यह बता सके कि देश में अकेली कांग्रेस पार्टी ही है जो किसान, गरीब ,युवा और महिला के सर्वांगीण विकास के लिए शुरू से ही काम कर रही है और लोगों को यह भी बताया जाएगा की कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने देश की सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति भी दी है इसलिए कांग्रेस पार्टी ही देश का समुचित विकास और लोगों का कल्याण कर सकती है ।

## डोटासरा, जूली और कांग्रेस पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों ने पुष्कर में नरेगा श्रमिकों के साथ श्रमदान किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** अजमेर जिले के पुष्कर में आयोजित कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर के कार्यक्रमों की निरंतरता में शनिवार को एक बड़ा संगठनात्मक और सामाजिक संदेश दिया गया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं राजस्थान व दिल्ली के कांग्रेस जिलाध्यक्षों ने पुष्कर में आयोजित संगठन प्रशिक्षण शिविर के कार्यक्रमों की कड़ी में नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फारकिया पहुँचकर नरेगा श्रमिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान किया। इस अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वावलंबन, सर्वोदय और जनसरोकारों के पावन विचारों को आत्मसात करते हुए कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ताओं ने अपनी सामाजिक और राजनैतिक प्रतिबद्धता को दोहराया। श्रमदान के इस पुनीत कार्य के दौरान नेता प्रतिपक्ष जूली ने नरेगा श्रमिकों के साथ श्रमदान कर उनसे संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना जूली ने कहा है कि कांग्रेस सदैव ही समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान और उसके अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रही है। जूली ने कहा है कि महात्मा गांधी के सर्वोदय का मूल मंत्र यही है कि जब तक हम पसीना बहाने वाले आम इंसान के सुख-दुख के भागीदार नहीं बनेंगे, तब तक समाज का वास्तविक विकास संभव नहीं है। श्रमदान जनसरोकारों से जुड़ने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को यह भरोसा दिलाने का संकल्प है कि कांग्रेस उनके हक के लिए हर स्तर पर साथ खड़ी है। उन्होंने सत्ता पक्ष को आड़े हाथों लेते हुए स्पष्ट किया कि आज जब प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं और ग्रामीण रोजगार की नींव मनरेगा को कमजोर करने के भाजपा द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं तब कांग्रेस का प्रत्येक सिपाही धरातल पर उतरकर जनता के हक की लड़ाई लड़ने और महात्मा गांधी के सर्वोदय के स्वप्न को साकार करने के लिए पूरी दृढ़ता से खड़ा है। जूली ने कहा कि इस सामूहिक श्रमदान ने न केवल संगठन की एकजुटता और सांगठनिक संकल्प को प्रदर्शित किया है बल्कि यह संदेश भी साफ कर दिया है कि जनहित के मुद्दों और स्वावलंबन की इस वैचारिक यात्रा को किसी भी सूरत में रुकने नहीं दिया जाएगा।

## बांदीकुई में हुई मॉब लिंचिंग घटना भाजपा सरकार के माथे पर कलंकः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की बदहाल कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोला है। एक बयान जारी करते हुए जूली ने कहा कि आज राजस्थान की पावन धरा पर कानून का शासन पूरी तरह समाप्त हो चुका है और उसकी जगह खौफनाक अराजकता ने ले ली है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सूबे की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और भाजपा सरकार की प्रशासनिक नाकामी व लाचारी की कीमत अब प्रदेश के निर्दोष लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। अपराधियों में पुलिस का कोई डर नहीं रह गया है, जिसके कारण आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। बांदीकुई में हुई वीभत्स घटना का जिक्र करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वहां जो कुछ भी हुआ उसने मानवता को शर्मसार कर दिया है। दिनेश मीणा को महज चोर समझकर उग्र भीड़ ने डेढ़ घंटे तक बंधक बनाए रखा और बेरहमी से पीटती रही। इस दौरान एक बेबस मां अपने बेटे की जान की भीख मांगती रही, लोगों के सामने गिड़गिड़ाती रही और इंसाफ की गुहार लगाती रही लेकिन न तो उस जालिम भीड़ का दिल पसीजा और न ही सूबे का सोया हुआ प्रशासनिक सिस्टम जागा। जूली ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि पुलिस समय पर मौके पर पहुंच जाती तो दिनेश मीणा की जान बचाई जा सकती थी। टीकाराम जूली ने कहा कि बांदीकुई की यह रूह कंपा देने वाली घटना आज के राजस्थान की भयावह सच्चाई का जीता-जागता आईना है। प्रदेश में अब सरकार का इकबाल पूरी तरह खत्म हो चुका है और गुंडातत्वों का बोलबाला है। उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह एक स्थापित सत्य है कि जब-जब सूबे की सरकार कुंभकर्णी नींद सो जाती है तब-तब सड़कों पर अराजकता जाग जाती है। आज पूरा राजस्थान इसी खूनी अराजकता और जंगलराज के शिकंजे में पूरी तरह जकड़ चुका है जहां आम आदमी की सुध लेने वाला कोई नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने सीधे मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार को अब अपनी आंखें खोलनी चाहिए। उन्होंने तीखे लहजे में कहा कि मुख्यमंत्री जी होश में आइए और सत्ता के गलियारों से बाहर निकलकर जनता का दर्द देखिए। इसे कतई सुशासन नहीं कहा जा सकता, यह तो सरेआम और खुला जंगलराज है, जूली ने चेतावनी दी कि विज्ञापनों और बयानों में झूठी वाहवाही लूटने से धरातल की हकीकत नहीं बदलेगी।

## अमृत भारत स्टेशन योजना में सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से यात्रियों को मिल रही बेहतर सुविधाएँ

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सूरतगढ़ राजस्थान का एक प्रमुख कृषि केंद्र है जिसे राज्य का कपास शहर और अनाज का कटोरा के नाम से जाना जाता है। यहां भारी मात्रा में कपास और गेहूं का उत्पादन होता है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था का एक बड़ा आधार है। यहां सूरतगढ़ सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्थित है, जो राजस्थान का पहला सुपर थर्मल पावर प्लांट है। इसके अलावा, शहर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सूरतगढ़ वायुसेना स्टेशन भी है। ऐतिहासिक सूरतगढ़ किला इस क्षेत्र की विरासत की झलक प्रस्तुत करता है। यह राजस्थान के ग्रामीण जीवन का एक अनूठा और प्रामाणिक अनुभव भी प्रदान करता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के सूरतगढ़ स्टेशन के लगभग 20.25 करोड़ की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्यों का प्रथम चरण पूर्ण कर लिया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इस स्टेशन के पुनर्विकसित होने से थर्मल पावर स्टेशन और वायुसेना स्टेशन कर्मियों और सामान्य यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी,आवागमन सुगम होगा एवं व्यापारी वर्ग भी लाभान्वित होगा। स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्य करण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स का कार्य पूर्ण हो चुका है। इन कार्यो के अलावा सौंदर्य वर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग, तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया गया है । स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार अत्यन्त आकर्षक है,जिसकी छत पर स्थानीय कला एवं संस्कृति का समन्वय करते हुए कलाकारों द्वारा आकर्षक पेंटिंग की गई है। सूरतगढ़ स्टेशन पर परंपरा के साथ आधुनिक सुविधाओं के समन्वय का आभास होता है। इन सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज भी लगाया गया है । इसके अलावा यात्री सूचना प्रणाली में सुधार हेतु कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्प्ले बोर्ड्स, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, बड़े एलइडी स्क्रीन्स तथा जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक भी लगाया गया है । स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा पैदल पुल भी बनाया जाएगा जिसकी अनुमानित लागत लगभग 9.96 करोड़ रुपए है। स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था, सुगम,निर्बाध एवं निरंतर बनाए रखने तथा तकनीकी रेल कार्यों के संचालन हेतु हरित ऊर्जा उत्पादन हेतु लगभग 22 लाख रुपए की लागत से 50 किलोवाट का सोलर ऊर्जा प्लांट भी स्थापित किया गया है।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा, अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर दिया जोर



जयपुर टाइम्स

**दौसा/जयपुर(कासं.)** अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा जिला कलक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में 5 जून तक आयोजित होने वाली गतिविधियों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन करते हुए अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत पूर्ण कार्यों के अवलोकन एवं लोकार्पण, नवीन कार्यों की स्वीकृति, जल चौपाल, पौधारोपण एवं घास बुवाई की तैयारियां, बीज बैंक गतिविधियां तथा हरियालो राजस्थान अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि गांव स्तर पर श्रमदान, जल स्रोतों की साफ-सफाई, डी-सिल्टिंग, जल संरक्षण संरचनाओं के रखरखाव तथा वर्षा जल संचयन गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित किया जाए। उन्होंने जल उपयोगिता समितियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।बैठक में बताया गया कि अभियान के दौरान मंदिरों में विशेष आरती, वंदे गंगा जल सेवा कार्यक्रम, जल जागरूकता रैलियां, साइकिल रैली, पौधारोपण, किसान चौपाल, जल परीक्षण अभियान, स्वच्छता गतिविधियां, सोशल मीडिया प्रचार-प्रसार तथा विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पताल एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई अभियान, जल स्रोतों की मरम्मत, अमृत सरोवरों एवं एनीकटों पर जल गतिविधियां, प्लास्टिक मुक्त अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को जन आंदोलन के रूप में संचालित करने तथा प्रत्येक गतिविधि की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार मीणा, कार्यक्रम के जिला समन्वयक लोकेश शर्मा, जिला संयोजक महेंद्र पीलोड़ी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## गेहूं खरीद को लेकर हजारों किसानों ने रेलवे ट्रैक जाम किया, प्रशासन और किसानों के बीच बनी सहमति

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के हनुमानगढ़ जिले में पीलीबंगा में पिछले कुछ दिनों से गेहूं की खरीद की मात्रा और गेहूं खरीद की समय की तारीख को आगे बढ़ाने की मांग और कई अन्य मांगों को लेकर हजारों किसान एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हुए थे लेकिन प्रशासन और किसानों के बीच जब कोई समझौता नहीं हो पाया तो शनिवार को किसानों ने हनुमानगढ़, बीकानेर रेलवे ट्रैक को पूरी तरह से जाम कर दिया, धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी किसान रेलवे ट्रैक पर जाकर बैठ गए जिसकी वजह से रेल यातायात बाधित हो गया इसके बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने रेलवे ट्रैक पर बैठे किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन किसानों ने साफ कह दिया कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी वह रेलवे ट्रैक से नहीं हटेंगे इसके बाद प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के मौजूदगी में किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल की बातचीत हुई जिसमें जिला प्रशासन की ओर से कृषकों की सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया और कहा कि जिला प्रशासन की ओर से राज्य सरकार को पत्र लिखा जा रहा है इसके बाद किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन पर भरोसा किया और साथ में यह भी कहा कि अगर उनकी मांग पर कार्रवाई नहीं हुई तो फिर 10 जून से वापस रेलवे ट्रैक को जाम करेंगे इस तरह से आंदोलनकारी किसानों और प्रशासन के बीच बातचीत होने के बाद आंदोलनकारी किस रेलवे ट्रैक से हट गए आंदोलनकारी किसानों का कहना है कि राजस्थान सरकार की ओर से गेहूं खरीद का लक्ष्य और बढ़ाया जाए क्योंकि मंदिरों में किसानों का भारी मात्रा में गेहूं रखा हुआ है इसके अलावा सरकार की जो तारीख गेहूं खरीद के लिए निश्चित की गई है उस तारीख को भी आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं इसके अलावा वारदान और कई अन्य तरह की सुविधाओं की डिमांड भी किसानों ने की है जानकार लोगों का कहना है कि कृषक प्रतिनिधि मंडल की ओर से जो डिमांड की गई है वह सभी मांग वाजिब है और कहीं ना कहीं सरकार भी इन मांगों को लेकर जरूर सकारात्मक कदम उठाने जा रही है ।

## सम्पादकीय

### सेना के सहारे परीक्षा: 22 लाख सपनों के बीच व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल




किसी भी परीक्षा के दौरान अगर प्रश्नपत्र लीक होता है या अन्य कोई गड़बड़ी होती है, तो इसका मतलब यही है कि उसके संचालन से जुड़ा तंत्र परीक्षा की शुचिता को सुनिश्चित कराने में नाकाम रहा। हाल ही में प्रश्नपत्र लीक होने के बाद नीट-यूजी परीक्षा को जिस तरह रद्द किया गया, उससे साफ है कि पहले हुई ऐसी कई घटनाओं के बावजूद आयोजन में हर हाल में शुचिता तय करने को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने जरूरी सबक नहीं सीखा। नतीजतन, नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र फिर अवैध रूप से बाहर हुए और ऊंची कीमतों पर बेचे गए। विडंबना यह है कि इस भ्रष्ट लेन-देन और इसके जरिए परीक्षा में कामयाब होने की कोशिश करने वाले कुछ लोगों की करतूतों का खमियाजा करीब बाईस लाख उन विद्यार्थियों को उठाना पड़ा, जिन्होंने ईमानदारी से अपनी मेहनत के बूते परीक्षा दी थी। ऐसे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की पीड़ा प्रश्नपत्र लीक करने और उसका फायदा उठाने वाले गिरोहों की हरकत के खुलासे से उपजे शोर में दब कर रह गई। विचित्र है कि इस घटना की परतें खुलने के बाद शीर्ष स्तर पर इसकी जिम्मेदारी तय करने तथा संचालन के तंत्र में पाई गई खामी को पूरी तरह दुरुस्त करने या इस मसले पर अधिकतम सख्ती बरतने के बजाय सुरक्षित तरीके से परीक्षा कराने के लिए अब सेना का सहारा लेने की खबर आई है। यानी एक तरह से यह स्वीकार कर लिया गया है कि सरकार का मौजूदा तंत्र इस परीक्षा का स्वच्छ तरीके से संचालन कर पाने में सक्षम नहीं है और इसीलिए सेना के सहारे नीट-यूजी परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी। गौरतलब है कि नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़े मामले में पूरी प्रक्रिया की समीक्षा के लिए हुई बैठक में प्रश्नपत्र तैयार करने और उनकी छपाई से लेकर परिवहन, सुरक्षा और परीक्षा केंद्र तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के सभी पहलुओं पर विचार किया गया। इसके बाद अब 21 जून को दोबारा होने वाली नीट परीक्षा में प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए वायुसेना की मदद लेने पर सहमति बनी। अगर यह प्रस्ताव अमल में आता है, तो किसी राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के आयोजन और संचालन में सेना के औपचारिक रूप से शामिल होने का यह पहला मौका होगा। सवाल है कि इससे पहले नीट या अन्य परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों का उदाहरण सामने होने के बावजूद यह स्थिति आखिर क्यों पैदा हुई कि सरकार को परीक्षा के स्वच्छ संचालन के लिए अपने तंत्र और पुलिस पर भरोसा नहीं रहा। हालांकि खबरों के मुताबिक सेना की भूमिका केवल लॉजिस्टिक समन्वय, आपातकालीन स्थितियां पैदा होने या मौसम में तेज उतार-चढ़ाव के बीच सुरक्षित परिवहन तक सीमित रहने की बात कही गई है और परीक्षा की निगरानी सेना से नहीं कराई जाएगी। मगर यह देखने की बात होगी कि सेना की मदद का दायरा क्या होता है। आमतौर पर किसी प्राकृतिक आपदा से हुई तबाही और अन्य आपात स्थितियों में युद्ध स्तर पर बचाव कार्य आदि के लिए जरूरत पड़ने पर सरकार सेना या सशस्त्र बलों को तैनात करती रही है।

## कहानी

### हाथियों की धरती

बहुत समय पहले की बात है। अल-जहीर नाम का एक बादशाह था। एक दिन उसने अपने मंत्री रकीब को सेरिंदिब के राजा के पास बहुत सारे उपहार के साथ भेजा। उनके द्वारा भेजा उपहार सेरिंदिब के राजा को बहुत पसंद आया।

जब रकीब अपने राज्य वापस जाने लगा, तो सेरिंदिब के राजा ने भी अल-जहीर के लिए बहुत से अच्छे और अनूठे उपहार भिजवाए।

रकीब अपने कारवां के साथ अपने राज्य चल पड़ा। रकीब का कारवां अभी कुछ दूर चला ही था कि उनमें राजस्थानी लूटेरों ने हमला कर दिया। उन्होंने कारवां का सारा समान लूट लिया और कारवां के यात्रियों को अपना गुलाम बनाकर दूसरे देश में बेच दिया।

बादशाह अल-जहीर के मंत्री को एक हाथी दांत के व्यापारी को बेच दिया। कुछ दिन बाद जब हाथी दांत के व्यापारी को मालूत हुआ की रकीब धनुष, बाण चलाने में निपुण है, तो रकीब को एक जंगल में कुछ और गुलाम के साथ जाने को कहा और साथ ही यह आदेश दिया तुम रोज एक हाथी मार कर मुझे संदेश भिजवाना।

रकीब जंगल की ओर रवाना हुआ। अगले ही दिन रकीब ने एक हाथी को मार गिराया और यह देख आरे गुलाम बहुत खुश हुए।

सभी गुलाम ने एक बहुत बड़ा गड्ढ़ा खोदा और उस हाथी को वही गाड़ दिया। यह देख कर रकीब ने पूछा तुमने इस हाथी को यहां क्यों गाड़ रहे हो?

एक गुलाम ने कहा व्यापारी ने हमें आदेश दिया था। आप जब हाथी को मारे तो हमें उसे जमीन में दफनाना है। जब यह सड़ जाएगा तो इसके दांत हमें मिल जाएगे।

इस प्रकार रकीब पूरे दो महिने हाथियों को मारता रहा। एक दिन जब वह हाथियों के इंतजार में पेड़ पर बैठा था, तो हाथियों का एक झुड उसके पेड़ के पास आकर दहाड़े लगाने लगा। यह देख रकीब बुरी तरह डर गया। तभी एक हाथि ने अपनी सूंड़ से वह पेड़ उखाड़ दिया जिस पर रकीब बैठा था। रकीब नीचे जमीन पर गीर पड़ा, दूसरे हाथि ने उसे अपनी सूड़ में पकड़ कर अपनी पीठ पर बिठा लिया।

रकीब को एहसास हुआ की अब उसका अंतिम समय आ गया है। हाथि अपने साथियों की मौत का बदला अवश्य उससे लेगें।

रकीब सोच रहा था कि अब उसका बचना मुश्किल है। उसे बचपन से लेकर अब तक का अपना सारा जीवन याद आने लगा। उसे अपने राज्य और परिवार की याद सताने लगी।

वह अपने परिवार के साथ कितना सुख से जीवन बिता रहा था कि फिर उसके किस्मत ने पलटा खाया और उसे यह जीवन देखना पड़ा।

रकीब की आंखों में आंसू आ गए। उसने कभी सोचा भी नही था कि उसके जीवन का आखिरी समय ऐसा होगा। आज तो ना ही उसके परिवार का कोई सदस्य उसके पास था, ना हीवह अपने देश में था।

उसने अपने गुनाहों की माफी अल्लाह से मांगी और अपने जीवन के अंत का प्रतिज्ञा करने लगा।

हाथियों का झूंड करीब को लेकर एक पर्वत पर पहुंचा और उसे वहां उतार कर वापस चला गया। करीब ने अपने चारों ओर देखा वहां हाथियों के दांत और हड्ड़ियों का ढ़ेर पड़ी हुई थी।

करीब ने मन ही मन सोचा लगता है यह हाथियों का कब्रगाह है शायद? हाथी मुझें यहां इसलिए लाकर छोड़ गए है क्योंकि वे नही चाहते, उनके दांत के लिए उनकी जान ना लूं।

रकीब जल्दी से शहर गया और व्यापारी को इस बारे में बताया। व्यापारी अपने सहायकों के साथ उस जगह पहुंचा। वहां उन्होंने इतना हाथी-दांत जमा कर लिया, जितना पूरे जीवन में नहीं किया था। व्यापारी ने हाथी दांत बेचकर उस धन का कुछ हिस्सा रकीब को दे दिया और उसे कारवां के साथ उसके घर वापस भेज दिया।

# आतंक के मामलों में अपवाद हो जमानत

*आम लोग यह नहीं समझ सकते कि एक आतंकी तक पहुंचने में कितनी मेहनत लगती है। अधिकारी दिन-रात काम कर जान जोखिम में डालते हैं। बड़ी मुश्किल से पकड़े गए आतंकियों को आसानी से जमानत मिलना सुरक्षा एजेंसियों के मनोबल और राष्ट्रीय सुरक्षा, दोनों को कमजोर करता है। जमानत पर बाहर आने के बाद आतंक के आरोपित फिर से अपने नेटवर्क को सक्रिय कर सकते हैं, सबूत मिटा सकते हैं, गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं या फरार हो सकते हैं। आतंक से जुड़े मामलों में स्लीपर सेल दोबारा सक्रिय होने का खतरा हमेशा बना रहता है। आम अपराधियों से हटकर आतंकी कट्टर विचारधारा से प्रेरित होते हैं और संगठित नेटवर्क के इशारों पर काम करते हैं, जिनकी पहुंच सीमाओं के पार तक होती है। अगर जमानत पर छूटा एक भी आतंकी दोबारा हमला करने में सफल हो गया तो उसका परिणाम भयावह हो सकता है। निर्दोष लोगों के साथ सुरक्षा बल भी निशाना बन सकते हैं। देश की संपत्ति और सामाजिक सौहार्द की भी क्षति हो सकती है। ऐसे मामलों में राज्य सिर्फ आरोपित के अधिकारों की बात करके आम नागरिकों की सुरक्षा की अनदेखी नहीं कर सकता। मानवाधिकार सिर्फ आतंक के आरोपितों के नहीं, निर्दोष नागरिकों के होते हैं। आजकल कुछ लोग यूएपीए मामलों को सिर्फ 'लंबी जेल' के दृष्टिकोण से देखने लगे हैं। वे राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरों को उतनी गंभीरता से नहीं देखते।*



हाल में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'जमानत नियम है, जेल अपवाद' और यहां तक कि यूएपीए यानी गैर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम में भी। इसके बाद इस पर बहस शुरू हो गई। इसमें संदेह नहीं कि व्यक्तिगत आज़ादी संविधान की बहुत बड़ी ताकत है, पर आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में इस सिद्धांत को सीधे-सीधे लागू करना खतरनाक हो सकता है।

पुलिस, खुफिया तंत्र, आतंक-रोधी अभियानों और आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने के अपने अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि इस मुद्दे को सिर्फ 'व्यक्तिगत स्वतंत्रता' के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। यहां प्रश्न देश की सुरक्षा और राष्ट्रीय हित का है।

आतंकी हमला साधारण आपराधिक घटना नहीं होता। आतंकी स्लीपर सेल, ओवरग्राउंड वर्कर्स, सीमा-पार हैंडलर्स, गुप्त फंडिंग और गोपनीय संचार तंत्र के माध्यम से काम करते हैं। ऐसे नेटवर्क को पकड़ना और खत्म करना मुश्किल होता है। खुफिया एजेंसियों और पुलिस के अधिकारियों को कई बार तो वर्षों तक लगातार निगरानी करनी पड़ती है, तब जाकर किसी आतंकी माड्यूल का पर्दाफाश हो पाता है।

आम लोग यह नहीं समझ सकते कि एक आतंकी तक पहुंचने में कितनी मेहनत लगती है। अधिकारी दिन-रात काम कर जान जोखिम में डालते हैं। बड़ी मुश्किल से पकड़े गए आतंकियों को आसानी से जमानत मिलना सुरक्षा एजेंसियों के मनोबल और राष्ट्रीय सुरक्षा, दोनों को कमजोर करता है। जमानत पर बाहर आने के बाद आतंक के आरोपित फिर से अपने नेटवर्क को सक्रिय कर सकते हैं, सबूत मिटा सकते हैं, गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं या फरार हो सकते हैं। आतंक से जुड़े मामलों में स्लीपर सेल दोबारा सक्रिय होने का खतरा हमेशा बना रहता है। आम अपराधियों से हटकर आतंकी कट्टर विचारधारा से प्रेरित होते हैं और संगठित नेटवर्क के इशारों पर काम करते हैं, जिनकी पहुंच सीमाओं के पार तक होती है।

अगर जमानत पर छूटा एक भी आतंकी दोबारा हमला करने में सफल हो गया तो उसका परिणाम भयावह हो सकता है। निर्दोष लोगों के साथ सुरक्षा बल भी निशाना बन सकते हैं। देश की संपत्ति और सामाजिक सौहार्द की भी क्षति हो सकती है। ऐसे मामलों में राज्य सिर्फ आरोपित के अधिकारों की बात करके आम नागरिकों की सुरक्षा की अनदेखी नहीं कर सकता।

मानवाधिकार सिर्फ आतंक के आरोपितों के नहीं, निर्दोष नागरिकों के होते हैं। आजकल कुछ लोग यूएपीए मामलों को सिर्फ 'लंबी जेल' के दृष्टिकोण से देखने लगे हैं। वे राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरों को उतनी गंभीरता से नहीं देखते। निःसंदेह मुकदमों में देरी चिंता का विषय है और न्यायिक सुधार जरूरी हैं, पर इसका मतलब यह नहीं कि आतंक से जुड़े मामलों में जमानत को नियम बना दिया जाए।

हाल में सुप्रीम कोर्ट ने यूएपीए के मामले में एक आरोपित को जमानत देते हुए कहा कि मुकदमे में ज्यादा देरी जमानत का आधार हो सकती है और फिर दोहराया- 'जमानत नियम है और जेल अपवाद।' कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 21 का भी जिक्र किया। लोकतंत्र में संवैधानिक अधिकार बेहद जरूरी हैं, पर राष्ट्रीय सुरक्षा भी उतनी ही बड़ी संवैधानिक जिम्मेदारी है।

आतंक के मामलों में जमानत नियम नहीं, बल्कि अपवाद होनी चाहिए। हां, जहां सबूत कमजोर हों, मामला दुर्भावना से दर्ज किया गया हो या कोई असाधारण मानवीय परिस्थिति हो, वहां अदालतों को राहत देने का अधिकार जरूर होना चाहिए, लेकिन अगर यूएपीए मामलों में जमानत को सामान्य सिद्धांत बना दिया गया, तो इससे गलत संदेश जाएगा और आतंक के खिलाफ लड़ाई कमजोर पड़ सकती है। इससे भारत की वही पुरानी छवि बन सकती है कि वह आतंक के प्रति 'साफ्ट स्टेट' है, जबकि पिछले दशक में देश ने इस छवि से बाहर निकलने की गंभीर कोशिश की है।

आतंकवाद से जुड़ी जांच बहुत जटिल होती है। विदेशी एजेंसियों से तालमेल, फोरेंसिक जांच, एन्क्रिप्टेड मैसेज डिकोड करना और पैसों के लेन-देन को ट्रैक करना अत्यधिक कठिन होता है। इसमें समय लगता है। हर देरी को एजेंसियों की असफलता नहीं कहा जा सकता। कई बार मामलों की प्रकृति ही ऐसी होती है कि जांच लंबी चलती है। मैंने कई ऐसे अपराधियों को देखा है जो जमानत मिलने के बाद फिर से अपराध में शामिल हो गए। हत्या और दुष्कर्म जैसे मामलों में कई आरोपित जमानत पर बाहर आकर गवाहों को धमकाने या खत्म करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों को तो सामान्य आपराधिक मामलों की तरह नहीं ही देखा जा सकता।

यूएपीए कानून इसलिए बनाया गया है, क्योंकि आतंकवाद देश की संप्रभुता और अखंडता के लिए सीधा खतरा है। अगर ऐसे कानूनों को उदार जमानत सिद्धांतों के जरिए कमजोर किया गया, तो सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल टूटेगा। भारत आज भी कई गंभीर सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। सीमा-पार आतंकवाद, कट्टरपंथ, नार्को-टेररिज्म, साइबर भर्ती और स्लीपर सेल की सक्रियता आज भी बड़ी चिंताएं हैं। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ लगातार भारत के खिलाफ छद्म युद्ध चला रही है।

ऐसे में देश ऐसी कानूनी व्याख्याओं का खतरा नहीं उठा सकता, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर कर दें।

# बशीर बद्र, प्रेमचंद अर छेहली जातरा रौ गणित

सिरजण रौ तौ कोई छिण हुवै के सिरजणा हुय ज्यावै। उण छिण रौ जिकौ तजुर्बो हुवै, वौ सिरजणहार री पिछांण बण ज्यावै। उण सिरजण सूं न्यारा ई लाख तजुर्बा किणी लिखारै रा हुवै ई है। हुय सकै कै वै ई कठै लिखीजै, न ई लिखीजै। लिखणौ-नी लिखणौ लिखारै सूं बेसी उण छिण रै हाथ मांय हुवै। नीं तौ लिखारौ सोचतौ रैय जावै, नीं लिखीजै। 'तुम्हें एतबारो-यकीं नहीं, नहीं- दुनिया इतनी बुरी नहीं' लिखणवाळा बशीर बद्र रै जनाजै मांय गिणती रा ई मिनख हुवणै री चर्चा सोशल मीडिया माथै है। सौ बरस पूग्यां पछै जे ओ शे'र उणनै लिखणौ पड़तौ तौ वै खासा संसैपंजै मांय हुवता। बशीर परसूं आपणै सूं विदा लेय लीन्हीं। दाग मांय मिनखां री गिणत देखतां लागै कै बशीर सूं पैलां आपां उण सूं विदा लेय चुक्या हा। उण रौ जावणौ कोई गुमनांम जावणौ नीं है। सोशल मीडिया माथै वां री खूब चर्चा है। सगळै ई न्यूज पोर्टलां उण माथै समाचार, आलेख अर उण रा शे'र साझा कर राख्या है। आज रै अखबारां ई जकां मांय साहित्य रौ कोई खास स्पेस नीं है, वै ई बशीर नै ठीक-ठाक स्पेस दीन्हौ है। बशीर रै जावणै री खबर साथै ई म्हैं आ मैसूस करी कै कम सूं कम बशीर साथै वा तौ नीं हुय रैयी, जिकी राहत साथै हुई। लारलै बरसां जद राहत इंदौरी साब सौ बरस पूग्या तद खासा लोग उण री मौत माथै ई हरख जतायौ। 'किसी के बाप का हिंदुस्तान थोड़ी है...' अर अटलजी माथै उण री चुटकी रौ हवालौ देयनै उणनै खूब भूंड्या। असल कारण कांई हौ, आ आपां सगळा जाणां ई हां। किणी री मौत माथै इयां इण भांत राजी हुवणौ म्हैं उण सूं पैलां कदी नीं देख्यौ। पण बशीर रै जनाजै मांय फगत गिणती रा लोग हुवणै री बात सुणी तौ पछै लाग्यौ कै राहत अर बशीर, न्यारा-न्यारा हुय सकै पण आपां तौ वै ई हां सागी। आपणी संवेदनशीलता, आपणौ मिनखपणौ अर किणी रै दुख-सुख मांय भेळा हुवणै री आपणी सोच-समझ अबै फगत सोशल मीडिया तांई सिंवट गयी है। साहित्य, कला अर संस्कृति आपां लोगां सारू बस अेक वॉट्सएप या फेसबुक स्टेटस रौ मसालौ फगत है। केई तौ इयां ई सोचता हुयसी कै जकौ काम बशीर बद्र या राहत इंदौरी कर्यो, वौ काम चैट-जीपीटी ई काढ़ सकै। आ सोचणियां ई केई हुयसी जिकां नै लागै कै आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस बशीर बद्र, निदा फाजली, प्रेमचंद कै राहत इंदौरी सूं घणौ आच्छौ लिख सकै। लारलै दिनां अेक बडै अफसर री कैयोड़ी याद आवै कै 'प्रेस नोट' रौ कांई है, वौ तौ चैट-जीपीटी ई त्यार कर सकै। उण अफसरां नै कोई बूझै, वां कनै अैड़ौ कुणसौ कांम है जिकौ चैट-जीपीटी नीं कर सकै। इण मौकै प्रेमचंद जी रै सौ बरस पूगणै रै बगत री बात ई केई लोग साझा कर रैया है, जिकी सुभावू ई है। प्रेमचंद री छेहली जातरा मांय ई बीस-पचीसेक मिनख बतावै। उण जातरा नै देखनै कुणई मिनख बूझ्यौ हो कै कुण मरग्यौ तौ दूजै जवाब दीन्हौ, कोई मास्टर बतावै। आ उण समाज री थिति है जकै मांय किणी री छेहली जातरा मांय भेळौ हुवणौ पुण्य रौ कांम मानीजै। संजोग री बात है कै किणी लिखारै नै समाज सिर-माथै ई राखै तौ घणां ई आखी जिंदगाणी गुमनामी मांय काट देवै। स्वदेश दीपक जैड़ा खुद ई गम जावणै वाळा लिखारां री दास्तान ई आपणै साम्हीं है।

लिखारां रै समाज री थिति माथै बात करां तौ लगैटगै पंद्रै-सोळह बरस पुराणी अेक घटना याद आवै। उण दिनां पीएचडी करणै रौ मन हौ। प्री-टेस्ट ई पास कर लीन्हौ। राजस्थान रै अेक बडै लिखारै माथै पीएचडी करणै री सलाह अेक सागड़दी दीन्ही। सौ बरस पूग्यै उण लिखारै री हिंदी-अंग्रेजी-राजस्थानी मांय लगैटगै बीस पोथ्यां ही। वै आपरै बगत रा नांवची लिखारा हा, कवि मंचा री स्यांन हा अर राज मांय बडा अफसर ई रैया। पीएचडी रै चाव मांय, म्हैं उण री पोथियां री टोह मांय जयपुर आयौ। उण रै घरै पूग्यौ। उण रै बेटै सूं भेंट हुयी। वै म्हनै बिठायौ, चाय बणवायी। म्हैं उणनै बतायौ कै चूरू सूं आयौ हूं, उण रै बापूजी री लिखेड़ी राजस्थानी पोथियां री टोह मांय। कनै हुवै तौ पोथियां देवौ नीं तौ पछै आ बतावौ कै वै पोथियां कठै मिल सकै। राजस्थानी री छव-सात किताबां उणरी लिखेड़ी ही। साठ बरस पार रौ वौ बेटौ उठनै मांय गयौ। म्हैं सोच्यौ, पोथियां लायनै देसी। म्हैं उडीकै हौ। वै थोड़ी ताळ मांय बारै आया अर एक पानौ म्हनै पकड़ायौ। पानै मांय उण ख्यातनांव लिखारै रौ परिचै हौ, जिकां माथै म्हैं पीएचडी करणौ चावै हौ। बेटौ बोल्यौ, इण सूं बेसी म्हनै कीं नीं ठाह। म्हैं वौ पानौ देख्यौ। पानौ अेक साहित्यिक संस्था कानीं सूं ई लारलै दिनां देयेड़ौ हौ। बाकी बीस किताब लिखणियै नांवची लिखारै रौ कीं ई उण बेटै कनै नीं हौ। म्हैं घणौ निराश हुयौ। म्हैं आयनै बडेरै सागड़दी नै कैयौ कै आज सूं लिखणौ-पढणौ बंद। जद अैड़ै लिखारां ई नै उण री औलाद ई नीं जाणै तौ पछै आपां अैड़ौ कुणसौ तीर मार लेस्यां कै लोग आपणै लिखेड़ै नै बांचसी। खैर, बात हुई नीमड़ी।

प्रेमचंद्र, बशीर री बात सुणां तौ सोचां कै छेहली जातरा कै दाग मांय मिनखां री गिणत सूं आदमी री क्वालिटी रौ कांई अंदाजौ लाग सकै। करोड़ां मांय खेलणवाळा फिल्मी सितारां री गुमनामी मांय मौत री खबरां तौ आम है ई। फिल्मवाळा रै संदर्भ मांय तौ औ अेक भांत रौ जवाब ई हुय सकै कै गांव गैली नै नीं गिणै तौ गैली ई गांव नै के गिणै। अैड़ा ई घणा स्टार हुवै जका आपरै आछै दिनां मांय आदमी नै आदमी नीं समझै तौ पछै वांनै कुण आदमी गिणसी। पण गांवां मांय आज ई इण बात री गिणत हुवै कै किणी रै दाग मांय कित्ता आदमी आया। म्हैं देखूं आज रा गांम सूगली राजनीति अर घिरणा रै धक्कै है। सड़क सूं इण पासै मरणै वाळै रै दाग मांय उण पासला मिनख कम ई दिखै। अठै सड़क जात, धरम कै पार्टी रौ निसांण है। बात चाली तौ टाबरपणै री अेक बात याद आवै। म्हारै टाबरपणै री बात आसी तौ उण मांय चाय री दुकान अवस हुयसी। म्हैं पापा रै साथै कै पछै पापा री गैर-हाजरी मांय चाय री दुकान माथै बैठतौ। कनै ई अेक किराणा अर क्लोथ स्टोर हा, जिकां माथै सुरेश बैठतौ। सुरेश म्हारै सूं उमर मांय केई बरस बडौ हौ पण दुकांन पाड़ौसी हुवणै कारण अेक ढंग रौ बेलीपौ सौ हौ। फेर वौ रईस अर दिलेर आदमी हुवणै कारण दुकान मांय चाय अर पेड़ा रौ मोटो ग्राहक ई हौ। खाली बगत मांय अेक-दूजै सूं गप्पां ई हुवती। म्हैं उण दिनां नौंवी क्लास मांय पढ़तौ। पढ़ाई मांय ठीकठाक हो अर देस-दुनिया रै मसलां मांय थोड़ी रूचि ही। अेक दिन दिनुगै नौ-दस बज्यां सी म्हैं दुकांन मांय बैठ्यौ हौ, जद सुरेश आयौ। घड़ै मांय सूं पाणी रौ गिलास भरता थकां सुरेश बोल्यौ, 'यार अज्जु! रात तौ अेक तकड़ौ सुपनौ आयौ।' म्हैं बूझ्यौ, 'इस्यौ कै सुपनौ हौ।' सुरेश बोल्यौ, 'सुपनै मांय म्हैं देख्यौ, थूं मरग्यौ। पण यार थारै दाग मांय इत्ता मिनख आया कै गांमै नावड़ै ई कोनीं हा। जिण पासै देखौ, वठै ई थारै दाग मांय आयोड़ा मिनख। यार थारै दाग मांय इत्ता आदमी कियां आय सकै।' म्हैं कांई कैवतौ। अेक तौ वौ म्हनै सुपनै मांय ई सही, सलटा दिया हा। पण बडौ आदमी बणनै री हूंस जरूर सुरेश रै वीं सुपनै सूं सवाई हुयी। सुरेश अबार नीं है, जद अैड़ौ प्रसंग चालै, तद सुरेश री बात अवस याद आवै। बाकी इंछा फगत आ ई है कै छेहली जातरा मांय चाहै गिणती रा च्यार ई हुवै, जींवतै-जी मेळौ बण्यौ रैवै। जै-जै। (30 मई, 2026)



डायरी/कुमार अजय

# जवाबदेही का अभाव

नीट प्रकरण की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह बिल्कुल सही कहा कि इस परीक्षा के पेपर लीक होने पर जवाबदेही तय हो। यदि ऐसा नहीं होता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण ही होगा, क्योंकि नीट के पेपर लीक होने के कारण 22 लाख से अधिक छात्र दोबारा परीक्षा देने के लिए विवश हैं। पेपर लीक के कारण छात्रों को परेशानी उठाने के साथ ही उनके भरोसे को भी ठेस पहुंची है। इसके अतिरिक्त शिक्षा मंत्रालय भी सवालों के घेरे में आया है। सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को संघ लोक सेवा आयोग अर्थात यूपीएससी से सीख लेने को भी कहा। कायदे से तो इस नसीहत की जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए थी। एनटीए को तो यह सीख स्वतः लेनी चाहिए थी और शिक्षा मंत्रालय को देखना चाहिए था कि ऐसा हो। आखिर इस एजेंसी का गठन ही इसलिए किया गया था, ताकि वह नीर-क्षीर ढंग से परीक्षाएं आयोजित करा सके। यह शर्मनाक है कि इस मामले में एनटीए का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा। यह एक तथ्य है कि पहले भी नीट के आयोजन में गड़बड़ी हो चुकी है और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। यह निराशाजनक है कि एनटीए के कामकाज में सुधार के लिए गठित राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों को प्राथमिकता के आधार पर लागू नहीं किया गया। शायद इसी का दुष्परिणाम रहा कि नीट के पेपर लीक हो गए। आखिर जब राधाकृष्णन समिति ने अक्टूबर 2024 में ही अपनी सिफारिशें सौंप दी थीं तो उन सभी पर द्रुत गति से अमल क्यों नहीं किया गया? इस समिति ने यह पाया था कि एनटीए अपने तमाम काम आउटसोर्स करती है और उसके अधिकांश कर्मचारी संविदा पर हैं। उसने कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं कराने को भी कहा था। समझना कठिन है कि इस स्थिति को बदला क्यों नहीं जा सका? आखिर ऐसी किसी संस्था के गठन का क्या औचित्य, जो अपना काम अपने स्तर पर करने में सक्षम न हो? एनटीए को नीट जैसी परीक्षाएं कराने के लिए अपना तंत्र उसी तरह विकसित करना चाहिए था, जैसे रेल मंत्रालय के आरआईटीईएस यानी राइट्स ने, शहरी विकास मंत्रालय के एनबीसीसी ने, रिजर्व बैंक एवं भारतीय बैंक संघ के तहत एनपीसीआइ ने या फिर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने किया है। आज के युग में कोई भी संस्था हो, उसका हर तरीके से दक्ष होना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है।



# प्रभारी मंत्री कुमावत ने रानीगांव एवं लुणु खुर्द में श्रमदान एवं पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत की

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास.)** पुरातन जल स्रोतों के संरक्षण के लिए जन भागीदारी जरूरी है ताकि हम भावी पीढ़ी के लिए जल की सौगात को बचाकर रख सके। इसके लिए वंदे गंगा जल संरक्षण– जन अभियान के जरिए आमजन में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। पशुपालन एवं बाड़मेर जिले के प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने शनिवार को बाड़मेर के रानीगांव एवं लुणु खुर्द में वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि तालाब, एनीकट, बेरियों एवं कुओं जैसे पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों की इस विरासत को बचाकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि खेत का पानी खेत में,घर का पानी घर में और गांव का पानी गांव में रोकने की व्यवस्था विकसित करनी होगी। आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने लोहारी नाडी को मॉडल तालाब के रूप में विकसित करने की बात कही। मरुस्थलीय क्षेत्र में बढ़ते तापमान पर चिंता जताते हुए प्रभारी मंत्री कुमावत ने अधिकाधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने पशुपालन विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति एक साल के एक पौधा आवश्यक रूप से लगाए। चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने कहा कि राज्य सरकार आमजन के विकास के लिए तत्पर है। बाड़मेर जिले को सड़क, पानी,बिजली के साथ बड़ी तादाद में ग्राम पंचायतों का तोहफा दिया गया है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ विरासत जिंदा रहें। इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी को टांको में सहेज कर रखने की परम्परा को जिंदा रखें। विधायक मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने के लिए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। लुणु खुर्द ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण किया। बाड़मेर पंचायत समिति की रानीगांव एवं लुणु खुर्द ग्राम पंचायत में आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत श्रमदान, स्वच्छता एवं पौधारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने सहभागिता निभाते हुए जल एवं पारंपरिक जल स्रोतों एवं पर्यावरण संरक्षण ने सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इस दौरान प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत,चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल समेत विभिन्न जन प्रतिनिधियों ने लोहारी नाडी परिसर में श्रमदान कर आमजन को जल संरक्षण अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व जिला परिषद सदस्य उगम सिंह ने स्वागत भाषण के साथ जल संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत,संत बलदेव पूरी,गिरधरपुरी समेत विभिन्न जन प्रतिनिधिगण, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी तादाद में आमजन उपस्थित रहे।

## उदयपुर में दो स्थानों पर बड़ी कार्रवाई, 18 हजार लीटर घी जब्त

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में मिलावट के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के आधार पर खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की केंद्रीय प्रवर्तन टीम द्वारा शनिवार को उदयपुर जिले में दो स्थानों पर संयुक्त निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्रवाई की गई। मिलावट के संदेह पर 18 हजार लीटर घी जब्त किया गया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी शुभमंगला ने बताया कि अतिरिक्त आयुक्त श्री भगवत सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय एवं जिला टीम द्वारा संयुक्त रूप से श्री माधुर डेयरी फार्म एंड फूड प्रोडक्ट्स, अम्बेरी, उदयपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न ब्रांड से घी का निर्माण एवं भंडारण किया जाना पाया गया, जिनमें प्रमुख रूप से 'उदयपुर फ्रेश देसी घी', 'उदयपुर फ्रेश काउ घी', 'माध्या देसी घी' तथा 'जयन्त काउ घी' शामिल हैं। टैंकों एवं विभिन्न कंटेनरों में भी बड़ी मात्रा में तैयार घी पाया गया। अनेक टिन में बिना लेबल एवं बिना आवश्यक विवरण अंकित किए हुए घी का भंडारण पाया गया, जो खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं था। कार्रवाई के दौरान परिसर से फूड कलर (रंग) की बोतलें भी बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि घी में पीला रंग डालकर उसे गाय के घी के रूप में विपणन करने का प्रयास किया जा रहा था। इस संबंध में विस्तृत वैज्ञानिक परीक्षण हेतु नमूने लिए गए हैं। जांच में यह भी पाया गया कि घी निर्माण हेतु विभिन्न स्रोतों से मक्खन खरीदा जा रहा था, जिनमें प्रमुख रूप से अरिहंत मिल्क प्रोडक्ट्स, इंदौर तथा चन्द्र कमल ब्रांड, देवास (मध्य प्रदेश) से प्राप्त मक्खन शामिल है, जिसे गर्म कर घी तैयार किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत घी के चार विधिक नमूने संग्रहित कर परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लगभग 18,000 लीटर तैयार घी को मौके पर ही जब्त कर उसके विक्रय एवं वितरण पर रोक लगा दी गई है। अभियान के अंतर्गत केंद्रीय टीम द्वारा मैसर्स महालक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी, डी-1, कृषि उपज मंडी, सवीना, उदयपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न ब्रांडों के घी एवं दुग्ध उत्पादों का बड़ा स्टॉक पाया गया। उपलब्ध स्टॉक में प्रमुख रूप से महावीर काऊ घी, महावीर देसी घी, महालक्ष्मी घी, मिल्क फूड घी, सोनाई घी, काला काऊ घी, पंचगव्य घी, अमूल तथा नोवा घी सहित विभिन्न दुग्ध उत्पाद शामिल पाए गए। प्रारंभिक सत्यापन के अनुसार विभिन्न ब्रांडों के घी, मक्खन, दुग्ध उत्पादों का लगभग 42 हजार किलोग्राम से अधिक स्टॉक पाया गया, जिसकी विस्तृत जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान महावीर ब्रांड घी (बैच संख्या-1) का स्टॉक भी पाया गया। उल्लेखनीय है कि इस बैच के घी को पूर्व में खाद्य सुरक्षा आयुक्त, राजस्थान द्वारा असुरक्षित घोषित करते हुए उसके विक्रय, वितरण एवं भंडारण पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

## 578 नवनिर्मित संरचनाओं का अवलोकन कराया, 29 नए कार्य प्रारंभ किए

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)** जन-जन के बीच जल संरक्षण का महत्व प्रतिपादित करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में चलाए जा रहे 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के अंतर्गत शनिवार को कोटा में जल ग्रहण विकास एवं भूजल संबंधी कार्यो के अन्तर्गत जल स्रोतों के रखरखाव,चरागाह विकास, पौधारोपण के लिए व्यापक स्तर पर रखरखाव कार्य किए गए। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सांगोद क्षेत्र में जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का अवलोकन एवं समीक्षा की तथा जनसंवाद कर ग्रामीणों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामीण महिला पुरुषों ने भीषण गर्मी में उत्साह के साथ श्रमदान कर जल स्रोतों को निखारा, वहीं जल संरक्षण की शपथ ली और जल के महत्व का संदेश गुंजायमान किया। अभियान के अंतर्गत जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग की ओर से गतिविधियां की गईं। जिले की सभी पंचायत समितियो में कुल 578 नवनिर्मित जल संरक्षण संरचनाओ का ग्रामीणों को अवलोकन करवाया तथा इस मौके पर 29 नवीन जल संरक्षण संरचनाओं का कार्य प्रारम्भ किया गया। ये सभी संभी संरचनाएं प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना 2.0 एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.1 एवं 2.2 के अन्तर्गत निर्मित तलाई, एमपीटी, एनिकट कम रपट, संकल पौण्ड, मिट्टी के बांध, एनिकट, अर्मत सरोवर एवं चारागाह विकास कार्य हैं। साथ ही 29 नवीन कार्य प्रारम्भ किए गए। पंचायत समिति इटावा में 273 कार्य, पंचायत समिति खैराबाद में 55 कार्य, पंचायत समिति सांगोद में 124 कार्य तथा पंचायत समिति सुल्तानपुर 126 पूर्ण कार्यों का अवलोकन करवाया गया। ये समस्त जल संरक्षण कार्य आगामी मानसून में वर्षा जल संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। इस अवसर पर सभी पंचायत समितियों में कार्यक्रम हुए। पंचायत समिति खैराबाद में ग्राम उण्डवा, पंचायत समिति सांगोद में ग्राम गोपालपुरा, पंचायत समिति इटावा में ग्राम नीमोला, पंचायत समिति लाडपुरा में ग्राम गिरधरपुरा एवं जाखोडा तथा पंचायत समिति सुल्तानपुर में ग्राम झाडगांव एवं तातरवाडा में तालाब गहराईकरण, सरोवर की सफाई सहित अन्य जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों ने श्रमदान में बढ-चढ कर भाग लिया। इस दौरान स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल चौपाल, कलश यात्रा, पौधा रोपण कार्य के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया और पर्यावरणीय सततता के प्रति जागरूकता बढाई।

## जयसिंहपुरा में जल चौपाल का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**विराटनगर(निस)।** भारत सरकार के वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जयसिंहपुरा स्थित भोमिया जी महाराज के प्रांगण में पानी पेड़ आपके द्वार अभियान संयोजक व जल प्रहरी पर्यावरणविद् दीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में जल चौपाल का आयोजन किया गया। नंगे पैर यात्री दीप सिंह शेखावत ने उपस्थित जन समूह को जल व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाते हुए समझाया कि गांव की प्राकृतिक जल इकाइयों को संरक्षित कर साफ सफाई कर वर्षा जल का संचयन कर भूजल पुनर्भरण कर जल उपयोग दक्षता को बढ़ाएं ।कवि समीर कुमावत एवं राष्ट्रीय एथलीट खिलाड़ी राजेश यादव ने सभी को प्रदूषण खोरी जहरखोरी प्लास्टिकखोरी बंद करने का संदेश देते हुए वृक्षारोपण को घर-घर पहुंचने की बात कही । अभियान संरक्षक किशन लाल गुरुजी ने नारे लगवा कर गीत गाकर जल जागरण से जन आंदोलन खड़ा करने की बात समझाई। जल चौपाल कार्यक्रम में जनसेवक महेश यादव, शिक्षाविद के एल स्वामी,, कालूराम यादव, छींतरमल यादव, सूंडाराम यादव, कवि समीर कुंभकार, हिमवान सिंह शेखावत, ख्यालीराम यादव,कृष्ण कुमार यादव, प्रकाश यादव ,रामेश्वर कुम्हार,बीरबल यादव,गणपत राम यादव, राम खिलाड़ी प्रजापत, शंकर लाल स्वामी आदि मौजूद रहे।

## जल के बिना कल की परिकल्पना अधूरी - बाबूलाल खराड़ी

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास.)** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 2026 के तहत शनिवार को उदयपुर के झाड़ोल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ब्राह्मणों का खेरवाड़ा के सालू खेड़ा गांव में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी के मुख्य आतिथ्य में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री श्री खराड़ी ने कहा कि जल के बिना कल की परिकल्पना अधूरी है। जल है तो ही कल है। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने उदयपुर को कई सौगातें दी हैं। यहां वर्षा भी अच्छी होती है। पुरखों ने वर्षा जल को बचाने के लिए कई काम किए। आवश्यकता है उनके कार्यों को आगे बढ़ाने की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में चल रहे अभियान से जुड़ कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। केबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान केबिनेट मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने पौधारोपण भी किया। मंत्री श्री खराड़ी ने जलग्रहण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान (एमजेएसए) के अंतर्गत कराए गए विभिन्न विकास एवं जल संरक्षण कार्यों का अवलोकन भी किया। उन्होंने जल संरक्षण से जुड़े कार्यों की सराहना करते हुए संबंधित अधिकारियों को अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## राजस्थान पुलिस के 123 अधिकारी-कर्मचारी डीजीपी डिस्क व प्रशस्ति रोल से होंगे सम्मानित, उत्कृष्ट सेवाओं पर मिलेगा सम्मान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध नियंत्रण, खुफिया तंत्र, यातायात प्रबंधन, अनुसंधान कार्यों और उत्कृष्ट पुलिसिंग में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 123 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महानिदेशक पुलिस (डीजीपी) डिस्क एवं प्रशस्ति रोल प्रदान करने की घोषणा की है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्तर से लेकर कांस्टेबल तक के अधिकारियों एवं कार्मिकों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस मुख्यालय के स्थायी आदेश 2/2016 के तहत दिया जाने वाला यह सम्मान विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने और बेहतर कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। चयन समिति की अनुशंसा पर विभिन्न रेंज, जिलों एवं इकाइयों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर इस वर्ष कुल 123 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का चयन किया गया है।

**वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी सूची में शामिल**

सम्मानित होने वाले वरिष्ठ अधिकारियों में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एचजीआर सुहास, महानिरीक्षक पुलिस राजेंद्र सिंह (द्वितीय बार), राहुल प्रकाश (तृतीय बार), परिस देशमुख, उप महानिरीक्षक पुलिस जय यादव (तृतीय बार), मनोज कुमार तथा शांतनु कुमार सिंह शामिल हैं।

**एसपी और डीसीपी स्तर के अधिकारी होंगे सम्मानित**

पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपायुक्त श्रेणी में सुमित मेहरड़ा, संजीव नैन, विकास सांगवान (तृतीय बार), अमित कुमार (द्वितीय बार), रतन सिंह, तेजस्वनी गौतम (तृतीय बार), बी. आदित्य, हरीशंकर, अनिल कुमार, दिगंत आनंद (तृतीय बार), विशाल जांगिड़ तथा प्रवीण नायक नूनावत (द्वितीय बार) को सम्मानित किया जाएगा।

**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और डीएसपी श्रेणी**

इस श्रेणी में योगेश दाधीच, डॉ. राजीव पचार, आलोक कुमार सिंघल (द्वितीय बार), ललित किशोर शर्मा (द्वितीय बार), दीक्षा कामरा (तृतीय बार), अदिति कॉवत, भंवरलाल, सौरभ तिवारी, अजेय सिंह राठौड़, पंकज यादव, हरिशंकर शर्मा, सोनचंद वर्मा, भंवर कुलदीप राठौड़, डॉ. पूनम, मनीष शर्मा, हर्षराज सिंह तथा प्रेम कुमार राजावत शामिल हैं।

**पुलिस निरीक्षक श्रेणी**

पुलिस निरीक्षक वर्ग में देवेन्द्र सिंह (द्वितीय बार), भुटाराम (द्वितीय बार), विष्णु शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, सरोज बैरवा, चन्द्रभान सिंह, दिनेश सारण, लक्ष्मी कराड़िया, मनोज चौहान, प्रभुनारायण मीणा, पवन कुमार चौबे (द्वितीय बार), रमेश कविया, बलवन्त राम, अशोक बिश्नोई और रमेशचंद आर्य को सम्मानित किया जाएगा।

**उप निरीक्षक और सहायक उप निरीक्षक**

उप निरीक्षक श्रेणी में शैलेंद्र कुमार शर्मा, धर्मसिंह, भरतलाल, राधेश्याम वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, संदीप बसेरा, यमनेश कुमार शर्मा, रविन्द्र सिंह, यशपाल सिंह चौधरी और राजवीर शामिल हैं। सहायक उप निरीक्षक श्रेणी में देवकरण, दिनेश कुमार, कमलेन्द्र सिंह, जसवंत सिंह, खड़ग सिंह, सूरज बाली और जगदीश प्रसाद का चयन किया गया है।

**हेड कांस्टेबल श्रेणी**

हेड कांस्टेबल वर्ग में शाहिद अली, शहनाज खान, हिम्मत सिंह, राजेश कुमार, वेदप्रकाश, अरविंद सिंह देवड़ा, राहुल कुमार खेदड़, प्रवीण कुमार, जसवंत सिंह, राजेन्द्र सिंह (द्वितीय बार), मुकेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार और रितुदमन सिंह शामिल हैं।

**कांस्टेबल, महिला कांस्टेबल एवं चालक**

इस श्रेणी में शिवराज बैरवा, संतोष चाहर, नरेन्द्र कुमार, लालाराम, सीताराम जांगिड़, पवन लिम्बा (तृतीय बार), अनिल कुमार, मुकेशचंद, सतीशचंद, राहुल त्रिवेदी, विश्वेन्द्र सिंह, हेमेन्द्र सिंह, पुखराज, कमलेन्द्र मेहराणा, दीपक कुमार, कृष्ण कुमार यादव, विनोद कुमार, राजकिशोर, विजय कुमार (चालक), सुरेन्द्र, लक्ष्मण चौधरी, गुमान सिंह, दिनेशचंद, राजेन्द्र प्रसाद, जीतराम चौधरी, विकास कुमार सहारण, सुरेन्द्र कुमार गुर्जर, संदीप कुमार, अनिल कुमार योगी, दयाल सिंह, गंगा, महेन्द्र कुमार जाट, नरेश कुमार बैरवा, सुन्दर सिंह, अनिल कुमार, हरिकुमार जाट (द्वितीय बार), सत्यनारायण मीणा, धर्मेन्द्र कुमार मीणा, भूपेन्द्र कुमार नागर, दीपक लबाना, संजू जिजवाड़िया और सुनीता शामिल हैं। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि राजस्थान पुलिस की पेशेवर कार्यशैली, जनसेवा और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने सभी सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके उत्कृष्ट कार्य से पुलिस बल में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और बेहतर सेवा भावना को बढ़ावा मिलेगा।

## कैंसर से बचाव की मजबूत पहल: सुमेरपुर में 14 वर्षीय बालिकाओं को लगाए गए एचपीवी टीके

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपखंड क्षेत्र में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 14 वर्षीय बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाकर स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान किया गया। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोविन्द सिंह ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रभावी भूमिका निभाती है तथा किशोरावस्था में लगाया गया यह टीका भविष्य के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वहीं ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार गिरी ने कहा कि स्वस्थ किशोरियां ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला हैं। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने टीकाकरण के साथ बालिकाओं व अभिभावकों को जागरूक भी किया। गलथनी में एएनएम सोनिया कुमारी ने बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया तथा सीएचओ महेंद्र कुमार ने टीकाकरण प्रमाण पत्र वितरित किए।

## चेक बाउंस मामले में सजा बरकरार, एक साल कारावास व 3.40 लाख जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/ शिवगंज(निस.) ।** चेक अनादरण (चेक बाउंस) के एक मामले में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय शिवगंज की ओर से सुनाई गई एक वर्ष के साधारण कारावास व 3.40 लाख रुपए अर्थदंड की सजा को सेशन न्यायालय सिरोही ने भी बरकरार रखा है। मामले के अनुसार सुमेरपुर निवासी भंवरलाल पुत्र भीमाराम कुमावत ने परिवादी कुंदनमल राठी से 2.80 लाख रुपए उधार लिए थे। राशि लौटाने के लिए दिया गया चेक बैंक में प्रस्तुत करने पर खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने से बाउंस हो गया। इसके बाद परिवादी ने परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत मामला दर्ज कराया था। सेशन न्यायाधीश सिरोही ने मामले की सुनवाई के बाद अभियुक्त की अपील खारिज करते हुए निचली अदालत के दोषसिद्धि आदेश और सजा को यथावत रखा। अपील निरस्त होने के बाद अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। बाद में उसे राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर से जमानत मिली।

## तेज आंधी से उड़ी छत की चादरें, मलबे में दबकर बालिका गंभीर घायल



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां क्षेत्र के मांगरोल गांव में शुक्रवार देर शाम आई तेज आंधी और बवंडर से कई मकानों को नुकसान पहुंचा। तेज हवाओं के कारण घरों की छतों पर लगी सीमेंट की चादरें उखड़कर गिर गईं। हादसे में एक बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार आंधी के दौरान एक मकान की छत की चादर गिरने से घर के अंदर मौजूद बालिका मलबे की चपेट में आ गई। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए निजी क्लीनिक लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। ग्रामीण सौरन सिंह एवं चुरामन सिंह ने बताया कि तेज आंधी से उनके मकानों को नुकसान पहुंचा है। घरों में रखा फ्रिज, कूलर, टीवी सहित अन्य घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। कई परिवारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। घटना के बाद गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवारों का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं घायल बालिका के स्वास्थ्य को लेकर गांव में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## मेड क्षेत्र में अंधड़-बारिश के साथ गिरे ओले



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** मेड क्षेत्र में शनिवार को लगातार तीसरे दिन मौसम ने अचानक करवट बदल ली। शाम करीब 5 बजे तेज अंधड़ और तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ करीब 10 मिनट तक ओलावृष्टि हुई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ओले रुकने के बाद भी देर तक बारिश जारी रही।शनिवार दोपहर तक लोग भीषण गर्मी और उमस से परेशान थे। तेज धूप के कारण तापमान काफी बढ़ गया था, लेकिन शाम होते-होते अचानक आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया। तेज हवाओं और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच बारिश शुरू हो गई। मेड कस्बे सहित आसपास की ढाणियों में ओले गिरने से मौसम पूरी तरह बदल गया। बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों को गर्मी से राहत मिली तथा तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर ओलावृष्टि से किसानों की चिंता बढ़ गई। किसानों को आशंका है कि यदि इसी तरह मौसम खराब रहा तो फसलों और पशुओं के चारे को नुकसान पहुंच सकता है।

## जल स्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता हम सभी की साझा जिम्मेदारी-ओमप्रकाश भडाणा

**जयपुर(कास.)** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने शनिवार को बूंदी के लेसरदा गांव का दौरा किया। यहां उन्होंने 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत गांव की प्राचीन बावड़ी में श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने झाड़ू लगाकर बावड़ी की सफाई की। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बोर्ड अध्यक्ष श्री भडाणा ने कहा कि प्राचीन जल स्रोतों को सहेजना और गांव में साफ-सफाई रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जो भी साधन और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, उनका उचित रखरखाव आमजन को करना चाहिए। सरकार की मंशा है कि 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' से अधिक से अधिक लोग जुड़ें।

## सरदारशहर में दोपहर को छाया अंधेरा, धूल भरी आंधी और बवंडर का चला दौर

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र में भीषण गर्मी और तेज धूप से जूझ रहे क्षेत्र के लोगों को शनिवार दोपहर उस समय राहत मिली जब अचानक मौसम ने करवट ले ली। देखते ही देखते तेज धूल भरी आंधी चलने लगी और कई स्थानों पर धूल के बवंडर उठने लगे। आंधी इतनी तेज थी कि दिन के समय ही रात जैसा माहौल नजर आने लगा। आसमान में धूल की मोटी परत छा जाने से दृश्यता भी काफी कम हो गई। दोपहर बाद मौसम अचानक बदला और तेज हवाओं के साथ धूल का गुबार पूरे कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में फैल गया। सड़कों पर चल रहे वाहन चालकों को लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े। कई स्थानों पर लोग धूल और तेज हवाओं से बचने के लिए दुकानों, मकानों और सुरक्षित स्थानों की ओर दौड़ते दिखाई दिए। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से आमजन परेशान था। दोपहर में चली तेज आंधी के बाद मौसम अपेक्षाकृत सुहावना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। गर्म हवाओं की जगह ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने राहत महसूस की। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद लोगों के चेहरों पर राहत साफ दिखाई दी। आंधी के दौरान शहर और ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर धूल के बवंडर भी देखने को मिले। खुले मैदानों और खेतों में धूल ऊंचाई तक उठती नजर आई। लोगों ने अपने मोबाइल फोन में इस बदले मौसम के दृश्य कैद किए। अचानक बदले मौसम ने लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। तेज आंधी के कारण कुछ समय के लिए जनजीवन भी प्रभावित रहा। बाजारों में दुकानदारों ने सामान सुरक्षित करने के लिए दुकानों के शटर आंशिक रूप से बंद कर दिए। सड़क किनारे लगे होर्डिंग, टीन शेड और अस्थायी ढांचे भी तेज हवाओं से हिलते नजर आए। हालांकि किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं मिली है। क्षेत्र के किसानों ने भी मौसम में आए बदलाव का स्वागत किया। किसानों का कहना है कि तेज गर्मी के बीच चली आंधी से वातावरण में ठंडक आई है। जिससे फसलों और पशुओं को भी कुछ राहत मिलेगी। हालांकि किसानों ने यह भी कहा कि यदि तेज हवाओं के साथ बारिश होती है तो खरीफ फसलों की तैयारी के लिए और अधिक लाभदायक रहेगा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी तंत्र के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम परिवर्तन देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में भी कहीं-कहीं तेज हवाएं, धूल भरी आंधी और हल्की बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। दोपहर में चली धूल भरी आंधी ने जहां कुछ समय के लिए लोगों की परेशानी बढ़ाई, वहीं भीषण गर्मी से राहत मिलने के कारण अधिकांश लोगों ने मौसम के इस बदलाव का स्वागत किया। दिन में छाए अंधेरे और धूल के बवंडरों का दृश्य लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना रहा।

## न्याय की झौंपडी अभियान में दी कानूनी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानसार पीएलवी विजय पाल श्योराण ने कानूनी अधिकारों की जानकारी देने, संवैधानिक अधिकारों को पाने, देश, समाज की जिम्मेदारियों को समझने और नालसा योजनाओं की जानकारी देने के लिए शनिवार को साप्ताहिक जन जागरूकता अभियान चलाया। घंटाघर पर मजदूरों से संपर्क के बाद, घोसी चैक, धर्मकाँटा, न्यू मार्केट में -न्याय की झोपडी लगाकर नागरिकों को अनेक विधिक जानकारी दी। बाल विवाह की रोकथाम, सम्पर्क पोर्टल आदि के बारे में लोगों को बताया गया। न्यू मार्केट के दुकानदारों ने धर्म काँटा चैक में जन सुविधाएं बनाने, हाई मास्क लाइट लगाने, कच्ची जगह पर ब्लॉक लगाने, बेसहारा गोवंश की सही व्यवस्था करने व नगर निकाय की ओर से बनाई व बेची गई 28 दुकानों के आगे बरामदे बनाने की मांग की गई। सभी ने जल भराव के निकट संकट का समय रहते समाधान करने की पुरजोर मांग करते हुए एक हाथ उठाकर सत्याग्रह प्रदर्शन भी किया।

## लायंस क्लब की मुहिम बनी गर्मी में राहत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भीषण गर्मी और तेज लू से आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लायंस क्लब सुजानगढ़ की ओर से विभिन्न संस्थाओं एवं भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से बाईपास रोड स्थित प्रेम टेंट हाउस पर निरंतर शीतल एवं स्वादिष्ट पेय पदार्थों की सेवा दी जा रही है। इस सेवा अभियान का लाभ प्रतिदिन लगभग 3 हजार राहगीर एवं आमजन प्राप्त कर रहे हैं। इसी सेवा श्रृंखला के अंतर्गत पूर्व में राहगीरों को आम रस, कैरी पानी, छाछ राबड़ी, गन्ना रस, खस शरबत जैसे विभिन्न पेय पदार्थों का वितरण किया गया था। शनिवार को लगभग 3300 लोगों को ताजे एवं स्वादिष्ट तरबूज वितरित किए गए। भीषण गर्मी के बीच इस सेवा कार्य ने राहगीरों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विजय गोयल, संदीप गोयल, संजय गोयल, कमल तापड़िया का विशेष आर्थिक सहयोग रहा। लायंस क्लब के कमल तापड़िया, प्रशांत पारीक, हरनारायण शारदा, संजय गोयल, मनमोहन बागड़ा, बसंत सैनी, पवन पारीक, आकांक्षा गोयल, सौम्या गोयल, कृतज्ञ तापड़िया, सचिन सैनी, देवाराम टॉक, लोकेश टाक, पिंटू, भवानी, सत्यनारायण पंवार, पीयूष टाक ने भी पूरे उत्साह के साथ सेवा कार्य में सहभागिता निभाई।

## कार पलटने से एक की मौत, दो घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** डूंगर बालाजी रोड पर गुलाब सिंह की ढाणी के पास शनिवार सुबह करीब पौने बजे गोपालपुरा साइड से आ रही स्वीफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गयी, जिससे उसमे सवार शंकर नाथ (26) पुत्र मेमनाथ सिद्ध, निवासी दूंकर, दिनेश (21) पुत्र साँवर मल यादव, निवासी बीदासर, तथा मक्खन सिंह (23) पुत्र राजू सिंह राजपुरोहित, निवासी बीदासर घायल हो गए। जिनको पड़ोस की ढाणी से लोग निजी वाहन के जरिये लेकर सुजानगढ़ अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने शंकर नाथ को मृत घोषित कर दिया तथा शेष दो घायलों का इलाज शुरू किया गया। सुजानगढ़ सदर थाना से हेड कांस्टेबल अनिल कुमार मौके और अस्पताल पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर पोस्टमार्टम कराकर शव उनके सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।



## नगरपरिषद के बाहर धरना जारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद के बाहर अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में चल रहा धरना लगातार 28 वें दिन भी शनिवार को जारी रहा। धरनार्थियों ने गांधी चैक पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां स्थापित किए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। धरने पर राजकुमार, शंकरलाल, तरूण सियोता, बनवारीलाल बिजारणिया, राज कताला, रामनिवास चरला, पवन ढ़ेनवाल, मनोज लुहार, विक्रम लीलड़, सोहिल गोपालपुरिया सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** खानपुर फाटक के पास लाडनूं की ओर से सुजानगढ़ से होकर निकलने वाली वाली जोधपुर दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मृत्यु हो गई। जिसे ट्रैन से सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन लाया गया। यहां से सुजानगढ़ अस्पताल मे टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया की मदद से लाया ले जाया गया और शव को मोर्चरी में रखवाया गया। मामले की जानकारी लाडनूं पुलिस को दी गई है। मृतक युवक की पहचान परिजनों के आने के बाद ही होगी।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत किया श्रमदान, लगाए परिंडे

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** 'वंदे गंगा: जल संरक्षण जन अभियान' के अंतर्गत शनिवार को तारानगर के बालाजी मंदिर स्थित ऐतिहासिक पक्का जोहड़ पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के जिला समन्वयक व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ की उपस्थिति में नगरपालिका कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों ने जोहड़ परिसर में सफाई कर श्रमदान किया और गर्मी में प्यासे पक्षियों को राहत देने के लिए जोहड़ परिसर में जगह-जगह मिट्टी के परिंडे लगाए गए। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ व नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने जोहड़ में सफाई की व और परिंडों में पानी भरकर अभियान की शुरुआत की। जांगिड़ ने उपस्थित सभी लोगों को 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' की शपथ दिलाई और जल बचाने का संकल्प करवाया। भाजपा नगर अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खंडेलवाल ने कहा कि पक्का जोहड़ कस्बे की धरोहर है। जल स्रोतों का संरक्षण व स्वच्छता बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें आने वाली पीढ़ी के लिए पानी बचाना होगा। जिला समन्वयक राकेश जांगिड़ ने अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि वंदे गंगा अभियान का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल संचय को बढ़ावा देना और आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उपस्थित लोगों ने झाड़ू लगाकर जोहड़ परिसर की सफाई की और कचरा हटाया। इस मौके पर जमरदीन तेली, हरि इंदौरिया, मोहम्मद तैयब, कैलाश चाचान, वीर बहादुर सिंह राठौड़, विनोद ठेकेदार, जमादार लक्ष्मण, सम्पत, नोरतमल, महेन्द्र, जाकिर, अशोक जांगिड़, चुन्नीलाल सैनी सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी अभियान में मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

### तहसीलदार को दिया ज्ञापन, सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के गांधी चौक तहसील कार्यालय के आगे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की सुरक्षा हटाने व कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस प्रशासन की ओर से अत्याचार करने का विरोध करते हुए तहसीलदार को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। आरएलपी कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर अपना विरोध व्यक्त किया। आरएलपी के सांवरमल जाखड़ व राकेश चौधरी ने बताया कि गाय व साधु संतों के नाम पर बनी सरकार अब उन पर ही अत्याचार कर रही है। जिसको राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। इसी को लेकर साधु संतों की ओर से आंदोलन में आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने सरकार के खिलाफ आंदोलन का समर्थन करते हुए उसे आंदोलन को सफल बनाया। जिस पर सरकार ने द्वेषतापूर्ण रवैया अपनाते हुए आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल की सुरक्षा को हटा दिया गया है। जिससे पूरे प्रदेश में आरएलपी कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखा जा रहा है। जल्द हमारी मांग पर संज्ञान नहीं लिया गया तो पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी आंदोलन करेगी। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी, राजकुमार माली, आबिद खान, राकेश थेच, पप्पू मीणा, रामकरण बैदा, लालचंद स्वामी, नरेंद्र कुमार गोस्वामी, अरविंद कुमार बरोड़, श्रवण कुमार सारण, नुगाराम बेनीवाल, मदनलाल नेहरा, नारू नायक, सुरेंद्र कुमार, अमित कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरदारशहर में आईपीएल सट्टा रैकेट पर पुलिस का बड़ा प्रहार, दो सटोरिए गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** आईपीएल क्रिकेट मैचों पर अवैध सट्टेबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सरदारशहर पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपए के हिसाब - किताब से संबंधित दस्तावेज, लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार के निर्देशन तथा पुलिस उप अधीक्षक कुलदीप वालिया के सुपरविजन में थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस के अनुसार 29 मई को गुजरात और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले के दौरान जीवणदेसर कॉलोनी स्थित एक मकान में मोबाइल ऐप और सट्टा लाइनों के माध्यम से हार-जीत पर दांव लगवाने की सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। दबिश के दौरान मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जो मोबाइल फोन और ऑनलाइन माध्यमों से सट्टा संचालन करते पाए गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, नोटबुक, डॉट पेन, कीबोर्ड, चार्जर और बिजली का एक्सटेंशन बोर्ड जब्त किया है। साथ ही लाखों रुपए के लेन-देन का रिकॉर्ड भी बरामद हुआ है।

### ऑनलाइन आईडी देकर लगवाते थे दांव:

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह आईपीएल मैचों के दौरान ग्राहकों को सट्टेबाजी के लिए आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराते थे। रुपये का लेन-देन फोन और विभिन्न ऑनलाइन पेमेंट ऐप्स के माध्यम से किया जाता था। पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों और उनसे जुड़े नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है। इस कारवाई के दौरान प्रताप सैनी (40) पुत्र शुभकरण सैनी निवासी वार्ड 53 मोदी वैल के पास, व उम्मेदसिंह राजपूत (43) पुत्र किशोरसिंह राजपूत निवासी वार्ड 11, गणेश मंदिर के पास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ राजस्थान पब्लिक गैंबलिंग ऑर्डिनेंस आरपीजीओ की धारा 3/4 तथा बीएनएस की धारा 112(2) एवं 318(4) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है। इस कार्रवाई के दौरान उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव, सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, कांस्टेबल विनोद कुमार तथा कांस्टेबल नन्दलाल की विशेष भूमिका रही हैं।

## देह व्यापार पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, होटल में दो व्यक्ति सहित पांच महिला गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सरदारशहर पुलिस ने शुक्रवार देर रात्रि को एक होटल पर कार्रवाई करते हुए कथित देह व्यापार के संचालन के मामले में दो व्यक्ति सहित पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नकदी, मोबाइल फोन, कंडोम तथा एक रजिस्टर भी जब्त किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार के निर्देशन तथा पुलिस उप अधीक्षक कुलदीप वालिया के नेतृत्व में गठित टीम ने अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम (पीटा एक्ट) के तहत कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 29 मई की रात को सूचना मिली थी कि मेगा हाईवे रोड से पल्लू रोड स्थित डायमंड होटल में कथित रूप से देह व्यापार संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने होटल पर दबिश दी। जांच के दौरान होटल परिसर में अनैतिक गतिविधियां संचालित होना पाया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने होटल संचालक दिनेश व विकास सहित पांच महिलाओं को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से नकदी, मोबाइल फोन, कंडोम और एक रजिस्टर बरामद किया है। पुलिस ने अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 की धाराओं 3, 4, 5 और 6 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 111(2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने इस कारवाई के दोरान दिनेश (25), निवासी सिरंगसर जिला हनुमानगढ़, विकास (21) निवासी सिरंगसर थाना खुइयां जिला हनुमानगढ, राधा (25) निवासी कालोटा जिला झुंझुन, गगन (22) निवासी प्रीतनगर मोगा पंजाब, सरबजीत (38) निवासी गेहरी मंडी अमृतसर पंजाब, प्रीत उर्फ अनिता (36) निवासी मल्लरवाला फिरोजपुर पंजाब, प्रीत उर्फ कुलविंदर (36) निवासी लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सरदारशहर क्षेत्र के होटल संचालकों को चेतावनी दी है कि किसी भी होटल में अवैध गतिविधियों का संचालन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में पुलिस उप अधीक्षक कुलदीप वालिया, उप निरीक्षक रामफूल मीणा, सुरेंद्र कुमार, महिला कांस्टेबल प्रियंका तथा कांस्टेबल जयसिंह, रोहिताश और राजेंद्र सिंह शामिल रहे।

## काली-पीली आंधी से दिन में छाया अंधेरा

### 20 मिनट की बारिश से मिली राहत



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे में शनिवार दोपहर करीब चार बजे अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ आई काली-पीली आंधी ने पूरे क्षेत्र को धूल के गुबार से ढक दिया। आंधी इतनी घनी थी कि दिन में ही रात जैसा अंधेरा छा गया और दृश्यता काफी कम हो गई। धूल भरी आंधी के कारण सड़क पर चल रहे वाहन चालकों को लाइटें जलाकर वाहन चलाने पड़े। तेज हवा के साथ उड़ती मिट्टी के गुबार से लोगों को आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो गए। आंधी के बाद करीब 20 मिनट तक हुई बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया। लंबे समय से उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने ठंडी हवाओं का आनंद लिया अचानक बदले मौसम ने जहां कुछ समय के लिए जनजीवन को प्रभावित किया, वहीं बारिश के बाद क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली।

## आंधी, तूफान और बारिश ने दी गर्मी से राहत

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर में शनिवार को दोपहर बाद तेज रेतीले तूफान ने आम जन जीवन को अस्त - व्यस्त कर दिया। करीब साढ़े तीन बजे तीन बजे आसमान में भयंकर आंधी दिखाई देने लगी और देखते ही देखते पूरे शहर को आगोश में ले लिया और पूरा आसमान पीला नजर आने लगा। हालांकि मौसम को लेकर लोगों के मोबाईल में अलर्ट और अलार्म बजे, लेकिन साढ़े चार बजे जब अलार्म बजे, उससे पहले ही बारिश और आंधी आ चुकी थी। जिससे लोगों को लगा कि मौसम बदलने के काफी बाद अलर्ट मोबाईल्स में पहुंचे हैं। दूसरी ओर बारिश होने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। इससे पहले शुक्रवार की रात को भी बारिश हुई तथा तेज हवाएं चली। आंधी के कारण लाडनू बस स्टेंड के पास विद्युत तारों पर पीपल के पेड़ का तना टूटकर गिरा, जिससे एक विद्युत पोल टूट गया।

## विदेश भेजने के नाम पर दो करोड़ की ठगी का आरोप, 60 से अधिक लोग पहुंचे पुलिस की शरण

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर शेखावाटी अंचल के 60 से अधिक लोगों से करीब दो करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने एजेंटों पर लाखों रुपए लेकर टूरिस्ट वीजा पर विदेश भेजने तथा वादा किए गए काम और वेतन नहीं दिलाने का आरोप लगाया है। रतनगढ़ निवासी विनोद कुमार, रघुनाथपुरा निवासी गौरीशंकर ऐचरा और सरदारशहर निवासी मोहम्मद सलीम सहित कई पीड़ितों ने बताया कि शहर के उम्मेद खान और राकेश कुमार ने उनसे विदेश में रोजगार दिलाने का भरोसा देकर लाखों रुपए वसूले। आरोप है कि विदेश पहुंचने पर न तो तय काम मिला और न ही वादा किया गया वेतन। कई लोगों को टूरिस्ट वीजा पर भेज दिया गया। पीड़ितों के अनुसार एजेंटों को कुछ राशि ऑनलाइन तथा कुछ नकद दी गई थी। विदेश में परेशान होने के बाद उन्हें परिजनों से हवाई टिकट के लिए पैसे मंगवाकर वापस भारत लौटना पड़ा। स्वदेश लौटने के बाद जब उन्होंने अपने रुपए वापस मांगे तो कुछ लोगों को चेक दिए गए, जबकि अन्य को जल्द भुगतान का आश्वासन दिया गया। पीड़ितों का आरोप है कि अब एजेंट न तो घर पर मिल रहे हैं और न ही अपने कार्यालय में। परेशान लोगों ने पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि से न्याय की गुहार लगाई है और मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

## आकाशीय बिजली गिरने से गोदावरी भवन की टंकी क्षतिग्रस्त

**रतनगढ़(निस)।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में शनिवार शाम तेज आंधी और बूंदाबांदी के दौरान सराफ कुए के पास स्थित गोदावरी भवन पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से भवन की छत पर रखी पानी की टंकी क्षतिग्रस्त हो गई तथा उससे जुड़ा पाइप टूट गया। तेज धमाके और चमक के साथ बिजली गिरने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। भवन के व्यवस्थापक भारतभूषण पारीक ने बताया कि बिजली गिरने से टंकी के अलावा टेरेस की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चूरू जिला-चूरू**

भरतीया अस्पताल के सामने, मेलः bcmochuru@gmail.com

क्रमांकः- लेखा / निविदा / 2026 /561 दिनांक- 22/5/2026

**ई-बोली आमंत्रण सूचना 01 / 2026-27**

**खुली निविदा**

वित्तीय वर्ष 2026-27 ( माह मार्च, 2027 तक) के लिए खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चूरू जिला - चूरू के अधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्य आधार पर मानव संसाधन (Man Power) सेवाएं अनुबंध पर उपलब्ध करवानें हेतु इच्छुक विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोलीदाता / संवेदकों से अनुमानित राशी 17.00 लाख की ई-बोली (तकनीकी बिड व वित्तीय बिड) दिनांक 2 जून 2026 सांय 06:00 PM तक बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत बोली http//sppp.rajasthan.gov.in '&' http//eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है।

NIB MHS2627A0891


UBN-MHS2627SLRC01190

खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी
चूरू

DIPR/C/9280/2026

## पहली बारिश में साण्डेराव बस स्टैंड पर जल भराव, निकासी व्यवस्था पर उठे सवाल

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** मानसून की पहली बारिश ने साण्डेराव बस स्टैंड क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। बारिश के बाद बस स्टैंड परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पानी भर जाने से यात्रियों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई दुकानों और होटलों के सामने पानी जमा हो गया, जिससे आवागमन प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश थमने के घंटों बाद भी पानी की निकासी नहीं हो सकी। बस स्टैंड के आसपास की नालियों में गंदगी और कचरा जमा होने के कारण बारिश का पानी सड़कों और बाजार क्षेत्र में फैल गया। इससे व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। जलभराव के कारण बस स्टैंड पर आने-जाने वाले यात्रियों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। वहीं दुपहिया वाहन चालकों को भी फिसलन और जलभराव के चलते परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों ने प्रशासन से नालियों की नियमित सफाई, जल निकासी व्यवस्था में सुधार तथा ड्रेनेज सिस्टम की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आगामी बारिश में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## मुख्यमंत्री पर कथित टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** मुख्यमंत्री पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजगुरु सर्किल पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आरएलपी नेता हनुमान बेनीवाल का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों को मर्यादित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की गरिमा बनाए रखने की बात कहते हुए टिप्पणी की निंदा की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बेनीवाल से माफी मांगने की मांग की तथा उनके बयान को राजनीतिक शिष्टाचार के विपरीत बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पानी बचाने की जंग में उतरा सुमेरपुर प्रशासन, गांव-गांव बजेगा 'वंदे गंगा' का बिगुल



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** आने वाले जल संकट को देखते हुए सुमेरपुर पंचायत समिति ने 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' को लेकर बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। पंचायत समिति सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में विकास अधिकारी प्रमोद दवे ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के निर्देश दिए। बैठक में वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण और गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने की रणनीति पर चर्चा की गई। दवे ने कहा कि 'जल है तो कल है' और प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी से ही जल संकट का समाधान संभव है। बैठक में अधिकारियों और कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वंदे गंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर जल संरक्षण को जनचेतना का विषय बनाया जाएगा। इस दौरान नरेंद्र कुमावत, रफीक मोहम्मद, किशोर सिंह राजपुरोहित सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## जनगणना-2027 को लेकर सुमेरपुर प्रशासन सख्त,

### 5 जून तक 100' कार्य पूरा करने के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** जनगणना- 2027 के तहत चल रहे मकान सूचीकरण व भवन गणना कार्य की समीक्षा बैठक में नगर जनगणना अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी ने अधिकारियों और प्रगणकों को 5 जून तक शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में 12 सुपरवाइजर सर्किलों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में तकनीकी कारणों और डेटा सिंक नहीं होने से ऑनलाइन प्रगति कम दिखाई दे रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कार्य तेजी से चल रहा है। कम प्रगति वाले ब्लॉकों की विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनगणना के आंकड़ों की शुद्धता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं होगा। जनगणना-2027 के लिए सुमेरपुर प्रशासन ने रफ्तार बढ़ाते हुए लक्ष्य तय किया है कि नगर क्षेत्र का पूरा कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाए।

# चेन्नई में प्रवासियों से जालोर सांसद बोले- विकास, कनेक्टिविटी और प्रवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** दक्षिण भारत के प्रमुख व्यापारिक केंद्र चेन्नई के साहुकारपेट स्थित श्री राजेश्वर भवन में शुक्रवार को राजस्थान से जुड़े प्रवासी समाज के लिए एक महत्वपूर्ण व प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार की रक्षा संबंधी स्थायी समिति की बैठक में भाग लेने के क्रम में बेंगलुरु, कोयंबटूर और ऊटी के दौरे के बाद चेन्नई पहुंचे जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र के सांसद लुंबाराम चौधरी का राजस्थानी प्रवासी बंधुओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री राजेश्वर भगवान के पूजन-अर्चना व दर्शन से हुई। सांसद लुंबाराम चौधरी ने देशवासियों तथा प्रवासी समाज की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए विशेष प्रार्थना की।

### प्रवासी व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का भरोसाः

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि राजस्थान से बाहर रहकर व्यापार व उद्योग के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले प्रवासी व्यापारियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में वे प्रवासी समाज के हितों की रक्षा और उनके सुझावों को सरकार तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से रेलवे और सड़क संपर्क के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं, जिससे राजस्थान और दक्षिण भारत के बीच आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम हुआ है। सांसद ने बताया कि जालोर को दक्षिण भारत के प्रमुख शहर चेन्नई से जोड़ने वाली रेल सुविधाओं में सुधार हुआ है तथा जालोर से जयपुर और दिल्ली तक नई रेल सेवाओं का लाभ भी क्षेत्रवासियों को मिलने लगा है।

### रामेश्वरम से रामदेवरा तक नई रेल सेवा का संकेतः

कार्यक्रम के दौरान सांसद लुंबाराम चौधरी ने जानकारी दी कि श्रद्धालुओं और प्रवासी समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ रामेश्वरम को राजस्थान के लोकदेवता बाबा रामदेवजी की पावन धरा रामदेवरा से जोड़ने के लिए नई रेल सेवा प्रारंभ करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सेवा शुरू होने पर दक्षिण भारत और राजस्थान के लाखों श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिलेगा। यह घोषणा समारोह में उपस्थित लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही और उपस्थित जनसमूह ने इसका स्वागत किया।

### जन्मभूमि से जुड़ाव बनाए रखने का आह्वानः

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा ओबीसी मोर्चा राजस्थान के महामंत्री हिंगलाजदान चारण ने प्रवासी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे व्यक्ति दुनिया के किसी भी हिस्से में क्यों न रहे, उसे अपनी जन्मभूमि, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकास की राजनीति में विश्वास रखती है और प्रवासी समाज की भागीदारी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने प्रवासी बंधुओं से सामाजिक व राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। समाज के विभिन्न वर्गों की रही उल्लेखनीय भागीदारी समारोह में राजस्थान के विभिन्न समाजों से जुड़े बड़ी संख्या में प्रवासी व्यापारी, उद्योगपति, सामाजिक कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का पारंपरिक सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। इस समारोह जीतूभाई लूहार नरपतसिंह रेवतड़ा सहभागी अमूल्य सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन हनुमानराम पटेल ने प्रभावशाली ढंग से किया। मंचासीन अतिथियों एवं उपस्थित समाजजनों ने संगठनात्मक एकता, सामाजिक समरसता तथा प्रवासी समाज के योगदान पर भी अपने विचार व्यक्त किए। आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक सम्मान समारोह नहीं रहा, बल्कि राजस्थान और दक्षिण भारत के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच भी बना। प्रवासी समाज की सक्रिय भागीदारी और जनप्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद ने भविष्य में बेहतर संपर्क, विकास और सहयोग की नई संभावनाओं को बल दिया है।

## आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने को 72 कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण


जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग की ओर से विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से जिला स्तरीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए चिन्हित 72 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित विभागीय फील्ड कार्मिकों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया गया।
उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने बताया कि उपनिदेशक कार्यालय स्थित स्किल लैब में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक, महिला अधिकारिता के सुपरवाइजर एवं पोषण अभियान के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिवस में चयनित 72 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। यूनिसेफ के प्रशिक्षकों शिवराज सिंह चौहान, मनमोहन शर्मा एवं भगवान सहाय यादव ने पोषण ट्रैकर में परिवार सर्वे, लाभार्थी पंजीकरण, बच्चों के वजन-लंबाई की सही एंट्री, अतिकुपोषित बच्चों की पहचान एवं फॉलोअप, गृह भ्रमण, शाला पूर्व गतिविधियों, बच्चों की उपस्थिति, पूरक पोषाहार वितरण एवं डेटा वैलिडेशन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के बाद महिला पर्यवेक्षक एवं प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेक्टर बैठकों में अन्य कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस अवसर पर सीडीपीओ अविनेश कुमार, अर्पित श्रीवास्तव, रत्नेश यादव, विमल मुद्गल, जफर अली सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वेरा रामपुरा में जलभराव ने खोली पंचायती राज विभाग और प्रशासन की पोल

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(सिरोही)।** राजस्थान में गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के दावों के बीच शिवगंज तहसील के वेरा रामपुरा गांव की तस्वीर सरकार और प्रशासन के दावों पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। पहली ही बारिश ने विकास के उन दावों को बहा दिया, जिनका वर्षों से मंचों और सरकारी बैठकों में गुणगान किया जाता रहा है। गांव की मुख्य गली में पानी भर जाने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। लोगों का कहना है कि पांच वर्षों से सड़क और नाली निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन न पंचायती राज विभाग ने ध्यान दिया और न ही स्थानीय प्रशासन ने समस्या के समाधान की जरूरत समझी।
गांव में हालात ऐसे हैं कि हल्की बारिश के बाद ही रास्ते जलमग्न हो गए। घरों के बाहर कीचड़, गंदा पानी और बदबू का आलम है। ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों के लिए भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि जब सरकार गांवों में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का दावा कर रही है, तो फिर वेरा रामपुरा जैसे गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से क्यों वंचित हैं?

कागजों में विकास, जमीन पर जलभराव

ग्रामीणों का आरोप है कि विकास योजनाओं की फाइलें तो चलती रहीं, लेकिन गांव की सड़कें और नालियां नहीं बनीं। यदि समय रहते जल निकासी और सड़क निर्माण पर ध्यान दिया गया होता, तो पहली बारिश में गांव की यह दुर्दशा नहीं होती। इससे पंचायती राज विभाग की कार्यशैली और निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**जनता पूछ रही–जिम्मेदार कौन?**

ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही गांवों की समस्याएं भी नेताओं की प्राथमिकता से बाहर हो जाती हैं। पांच वर्षों से लोग समस्या झेल रहे हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन मिले हैं। अब जनता पूछ रही है कि इस बदहाल व्यवस्था के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है?

**सरकार और प्रशासन दोनों कटघरे में**

वेरा रामपुरा की स्थिति केवल एक गांव की समस्या नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास के दावों की वास्तविकता को सामने लाने वाला उदाहरण बन गई है। जब पहली बारिश में ही सड़कें और गलियां जलमग्न हो जाएं, तो यह केवल स्थानीय स्तर की विफलता नहीं बल्कि पूरे तंत्र की जवाबदेही का प्रश्न बन जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही विकास है, तो फिर गांवों में विकास के दावों का आधार क्या है?

**ग्रामीणों की चेतावनी**

ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यदि जल्द सड़क, नाली और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि अब उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि जमीन पर काम चाहिए। पहली बारिश ने वेरा रामपुरा में सिर्फ पानी नहीं भरा, बल्कि विकास के दावों, पंचायती राज विभाग की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक जवाबदेही पर भी बड़े प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

## विधायक रोहित बोहरा के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर, 32 यूनिट रक्त संग्रहित

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय धौलपुर स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन धौलपुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिब्बू लोधा एवं सैपऊ ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। शिविर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 32 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष साकेत बिहारी ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान जरूरतमंद लोगों को नया जीवन देने का महत्वपूर्ण माध्यम है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। विधायक रोहित बोहरा के जन्मदिवस को सेवा और मानवता के संदेश के साथ मनाना प्रेरणादायक पहल है। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा, पूर्व प्रधान रामहेत कुशवाहा, नगर अध्यक्ष बनवारीलाल जाटव, श्रीराम लोधा, अजीत, जलमान उस्मानी, राजेश कुशवाहा, शकील सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। शिविर के बाद कार्यकर्ताओं ने केक काटकर विधायक रोहित बोहरा का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

## एसपी विकास सांगवान को तीसरी बार मिलेगा डीजीपी डिस्क अवार्ड

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले के पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं के लिए डीजीपी डिस्क अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह उनके सेवाकाल में तीसरा अवसर होगा, जब उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा जाएगा। इससे पूर्व विकास सांगवान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अलवर और पुलिस अधीक्षक जैसलमेर के पद पर रहते हुए भी डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति रोल प्राप्त कर चुके हैं। धौलपुर में उनके नेतृत्व में पुलिस ने कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण तथा आमजन का विश्वास बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। बेहतर पुलिसिंग, त्वरित कार्रवाई और प्रभावी प्रशासनिक कार्यशैली के कारण उन्होंने जिले में एक सख्त एवं संवेदनशील पुलिस अधिकारी के रूप में पहचान बनाई है। उनके नेतृत्व में धौलपुर पुलिस ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इस उपलब्धि पर जिले के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन ने खुशी जताते हुए एसपी विकास सांगवान को बधाई दी है।

## गौवंश को गर्मी से राहत देने के लिए गौधाम में भेंट किया कूलर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भीषण गर्मी को देखते हुए श्री हनुमान सेवा समिति ने शनिवार को श्री राम गौधाम, पुरानी छावनी में सेवा कार्य करते हुए गौवंश के लिए कूलर भेंट किया। समिति सदस्यों ने गौधाम में आश्रित बीमार और घायल गायों को हरा चारा भी खिलाया। समिति के सदस्य दीपक शर्मा ने बताया कि गौसेवा को समर्पित भाव से प्रत्येक शनिवार को विशेष सेवा अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में गौवंश को गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कूलर उपलब्ध कराया गया है। गौशाला संचालक राम शर्मा ने समिति के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए आमजन से भी गौसेवा में योगदान देने की अपील की। इस दौरान समिति के सदस्य दीपक शर्मा, विश्वेंद्र सिकरवार और कपिल गोयल सहित अन्य गौभक्त मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने समिति के इस सेवा कार्य की सराहना की।

## वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत आहोर विधायक ने थांवला में दिलाई जल संरक्षण की शपथ

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आयोजित किये जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत शनिवार को मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन के पूर्ण कार्यों का अवलोकन तथा नवीन शिलान्यास कार्य सम्पन्न हुए। हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधारोपण एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के अन्तर्गत जल चौपालों का जिलेभर में आयोजन किया गया। शनिवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत थांवला में आयोजित जल चौपाल के कार्यक्रम में ग्रामीणों को आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित की ओर से जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया एवं केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही आहोर विधायक की ओर से मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के अंतर्गत किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों, एनिकट निर्माण, पौधारोपण, चारागाह विकास, टांका निमार्ण, खेत तलाई, मृदा सरंक्षण, मेड़बंधी सहित बीज रोपण के कार्यों का अवलोकन करते हुए जानकारी ली गई। इस दौरान प्रशासक ऊर्मिला कंवर राजपुरोहित, कनिष्ठ अभियंता रघुवीर सिंह चारण सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। इसी प्रकार अभियान के तहत जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा सांचौर पंचायत समिति की पलादर ग्राम पंचायत में प्रशासक भंवर लाल गोयल की अगुवाई में श्रमदान कर जल चौपाल का आयोजन किया गया। तथा जल संरक्षण हेतु ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। वहीं ग्राम पंचायत रानीवाड़ा खुर्द में प्रशासक शोभनाथ सुथार द्वारा स्थानीय निवासियों को अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों तथा योजनाओं की जानकारी पेम्पलेट वितरित कर दी गई। ग्राम पंचायत नवापुराध्वेचा में प्रशासक मंजू देवी के नेतृत्व में रैली निकाल कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही स्थानीय तालाब पर 21 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जसवंतपुरा के बूगांव में अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रशासक जनक सिंह की अध्यक्षता में भूमि पूजन, जल चौपाल, श्रमदान तथा रैली निकाल कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। भीनमाल के कोटकास्ता ग्राम पंचायत में प्रशासक दाड़मीदेवी के नेतृत्व में ग्रामीणों की ओर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा धवीया वाला में नव निर्मित एनिकट का लोकापर्ण व एनिकट 02 का शिलान्यास किया गया। चितलवाना के ग्राम सुराचंद में प्रशासक कंचन कंवर के अगुवाई में जल चौपाल का आयोजन कर योजनाओं की जानकारी पेम्पलेटस् वितरित कर दी गई तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के अन्तर्गत जल संरक्षण कार्यों का शिलान्यास किया गया। जलग्रहण विकास व भू-संरक्षण विभाग की ओर से रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग, फॉर्म पॉण्ड निर्माण का लाईव डेमो देकर किसानों को जानकारी दी गई।


## मोहनलाल बने तेरापंथ सभा अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** स्थानीय जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को हुए चुनाव में मोहनलाल ने 34 मतों से जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद के लिए मोहनलाल और राजेन्द्र कुमार के बीच सीधा मुकाबला हुआ। चुनाव अधिकारी शांतिलाल ने बताया कि चुनाव में कुल 329 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना में मोहनलाल को 181 तथा राजेन्द्र कुमार को 147 मत प्राप्त हुए, जबकि एक मत नोटा के पक्ष में पड़ा। इसके बाद मोहनलाल को 34 मतों के अंतर से विजयी घोषित किया गया। उल्लेखनीय है कि जैन समाज की इस महत्वपूर्ण संस्था के चुनाव पूर्ण शांति, सौहार्द और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुए। परिणाम घोषित होने के बाद दोनों पक्षों के सदस्यों ने आपसी सद्भाव का परिचय दिया। विजयी प्रत्याशी की घोषणा के पश्चात समाजजनों ने आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी मंजुयशा के दर्शन कर मंगलपाठ का श्रवण किया तथा नव निर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं।

## करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आज, तैयारियों में जुटे पदाधिकारी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** हम कामगार समाज रतनगढ़ के तत्वावधान में रविवार को टाउन हॉल में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समाज के पदाधिकारी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। समाज के अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल ने बताया कि विद्यार्थियों को सही सोच, उचित मार्गदर्शन एवं सफल करियर की दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना है। तैयारियों को लेकर संरक्षक श्रवण कुमार सोडा, उपाध्यक्ष मोहनलाल सैनी, बृजदीपक स्वामी, पूर्णमल दानोदिया, फकीरचंद दानोदिया, वीरेंद्र बुनकर, राजेंद्र नोखवाल, रामचंद्र प्रजापत, राजेंद्र मारोठिया, नंदलाल सैनी, भंवरलाल सावां, दीपक प्रजापत सहित कई पदाधिकारी व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।

## मंडावा में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि, गर्मी से मिली राहत

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** क्षेत्र में शनिवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली। दिनभर की भीषण गर्मी के बाद तेज हवा और धूलभरी आंधी चली, जिसके बाद झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। करीब पांच मिनट तक गिरे ओलों से सड़कों और छतों पर सफेद परत नजर आई। शाम करीब साढ़े चार बजे आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। देखते ही देखते



हवा की रफ्तार बढ़ने से धूलभरी आंधी का दौर शुरू हो गया। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी के बाद बादलों की गर्जना के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ ओले गिरने से मौसम में ठंडक घुल गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अचानक बदले मौसम से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक-दो दिनों तक तापमान में गिरावट रहने की संभावना है, जिससे क्षेत्रवासियों को गर्मी से राहत मिलती रहेगी।

## खुला नाला दे रहा हादसे को निमंत्रण

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** सरकार व प्रशासन खुले नाले व बोरवेल को आए दिन होने वाले हादसों को रोकने के लिए इनको ढकने का आदेश जारी किया। ताकि हादसे ना हो सके। इसके लिए प्रशासन और सरकार ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए इनको ढकने के आदेश भी जारी किए। लेकिन




कई ऐसी जगह है जिस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। कस्बे में पौदार धर्मशाला व पुराने मातृ शिशु कल्याण केन्द्र के बीच से गुजरने वाले आम रास्ते में खुला नाला हादसे को निमंत्रण दे रहा है। यह नाला 7 से 8 फुट गहरा है। जो बरसाती पानी के निकासी के लिए बनाया गया था। लेकिन यह नाला काफी सालों से सफाई नहीं होने से इसमें मच्छर पैदा हो रहे हैं और दुर्गंध भी फैल रही है। इससे वार्ड वासी काफी परेशान है। आए दिन वाहन और गोवंश भी गिरते रहते हैं।

## टॉप-100 कलेक्टर्स में शामिल होने पर डॉ. अरुण गर्ग का अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं।** फेम इंडिया एवं एशिया पोस्ट के राष्ट्रीय सर्वेक्षण में झुंझुनूं जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग के देश के टॉप-100 जिला कलेक्टर्स में चयनित होने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बधाई दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने कहा कि यह उपलब्धि कुशल नेतृत्व, प्रभावी प्रशासनिक कार्यशैली तथा जनहित में किए गए नवाचारों का परिणाम है।

# गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं: सहारण

### विधायक हरलाल सहारण ने किया वाटर कूलर का उद्घाटन

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** सर्दी व गर्मी में मशहूर राजस्थान का चूरू जिला इन दिनों भीषण गर्मी व लू के आगोश में हैं। यहां वर्तमान में पारा 46 डिग्री पार पहुंच गया। आमजन इन रेतीले धोरों के कारण गर्म हवाओं के बीच जीवन यापन करने को मजबूर हैं। गर्मी की इस भयावता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता हैं कि यहां की सड़कों पर पापड़ भी सिक जाते हैं। ऐसे में गर्मी की इस भीषणता को देखते हुए चूरू में भामाशाह आगे आ रहे हैं। इसीक्रम में शनिवार को सर्राफ फाउंडेशन बेंगलुरु के श्यामसुंदर सर्राफ के आर्थिक सौजन्य से व पीपुल यूनिटी संस्था के अध्यक्ष रघुनाथ खेमका की प्रेरणा से पुरानी सड़क स्थित जी.के. मॉल के पास आमजन के लिए एक वाटर कूलर और आरो मशीन लगायी गई। वाटर कूलर का उद्घाटन शनिवार को विधायक हरलाल सहारण ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सहारण ने कहा कि इस गर्मी में प्यासे को ठंडा पानी पिलाने से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। सचिव इंजी. सुरेश शर्मा ने भामाशाहों को ऐसे कार्य करने के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर अभिषेक चोटिया, सुनील ढ़ाका, दयाराम, मुकेश शर्मा, टी.सी. सर्राफ, मोहन भालेरीवाला, सत्यवीर बेनीवाल, महमूद मोयल, हिदायत खान, सुनील, शंकर आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने की जनसुनवाई, आमजन से मुलाक़ात सुने आभाव- अभियोग

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** तारानगर से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी रहे व वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने शनिवार को अपने तारानगर स्थित आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के मिठडी, लीलकी, पंडरेऊ, बुचावास, रामपुरा, गाजूवास, सेऊवा, भाड़ंग, करणपूरा सहित तारानगर शहर से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनसुनवाई में ग्रामीणों ने बिजली कटौती, पेयजल संकट, सड़क व नाली निर्माण सहित व्यक्तिगत प्रकरणों को लेकर जांगिड़ को अवगत करवाया। कई लोगों ने पेंशन, पट्टे और सरकारी योजनाओं से जुड़ी अड़चनों की भी जानकारी दी। जांगिड़ ने एक-एक व्यक्ति से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर समाधान के निर्देश दिए। आगंतुकों को आश्वस्त करते हुए भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर सरकार गंभीर है। जिन समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव है, उन्हें तुरंत निपटाया जाएगा और बड़ी योजनाओं के प्रस्ताव सरकार को भिजवाए जाएंगे। जनसुनवाई में सुबह से ही लोगों की कतार लगी रही। दूर-दराज के गांवों से आए ग्रामीणों ने बताया कि जांगिड़ से मुलाकात के बाद उन्हें समाधान की उम्मीद जगी है। जांगिड़ ने कहा कि जनसुनवाई कर जनता से सीधे जुड़ेंगे ताकि अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच सकें।

### चूरू में मौसम का यू-टर्न

## आसमान में धूल का गुबार, काळी-पीळी आंधी के बाद आई झमाझम बारिश से बदला मिजाज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** गर्मी से बेहाल चूरू जिले के लोगों को शनिवार को मौसम में आए अचानक बदलाव से राहत मिली। दोपहर बाद जिले के कई गांवों और शहरी क्षेत्रों में तेज धूल भरी काळी-पीळी आंधी आई। आंधी के दौरान आसमान में धूल का गुबार छा गया और तेज हवाओं के कारण लोगों के घरों में मिट्टी के अंबार लग गए और एक बार तो शहर अंधेरे की आगोश में आ गया, हालांकि आंधी के बाद मौसम साफ हो गया और भीषण गर्मी व गर्म हवाओं से लोगों को राहत महसूस हुई।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को बीकानेर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा, जोधपुर और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की संभावना है। विभाग ने कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और वज्रपात की भी आशंका जताई है।

### अगले 4-5 दिनों तक जारी रह सकती हैं ये गतिविधियां:

मौसम विभाग का कहना है कि राज्य के कुछ हिस्सों में



आंधी और बारिश की गतिविधियां आगामी चार से पांच दिनों तक जारी रह सकती हैं। इसके चलते दिन के तापमान में गिरावट आने और गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

### आंधी से टूटे पेड़:

शुक्रवार शाम आई तेज आंधी का असर शहर में भी देखने को मिला। अगुणा मोहल्ला स्थित सच्चियाय माता मंदिर के सामने वर्षों पुराना नीम का पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया। गनीमत ये रही कि उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय वहां आवाजाही होती तो कोई बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई जगह पेड़ टूटने की खबर है।

## हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष, बाजारवाद, फेक न्यूज और सोशल मीडिया बनीं बड़ी चुनौतियां

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) की ओर से शनिवार को जयपुर के रानी महल होटल में 'हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष : भविष्य एवं चुनौतियां' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों, मीडिया शिक्षाविदों और पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की वक्ताओं ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने देश के सामाजिक, राजनीतिक और लोकतांत्रिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन वर्तमान दौर में बाजारवाद, फेक न्यूज, सोशल मीडिया की प्रतिस्पर्धा, पीत पत्रकारिता और पत्रकारों पर बढ़ते दबाव इसके सामने गंभीर चुनौतियां बनकर उभरे हैं। गोष्ठी के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं इतिहासकार जितेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पत्रकारिता का इतिहास राजशाही काल से लेकर स्वतंत्र भारत तक संघर्ष और समर्पण की मिसाल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले पत्रकार सीमित संसाधनों में भी निर्भीकता से जनता की आवाज उठाते थे। कई पत्रकारों ने जेल यात्राएं कीं और उत्पीड़न सहा, लेकिन सत्य का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा, 'खबरें सड़क पर पड़ी हुई हैं, लेकिन उन्हें उठाने वाला कोई नहीं है। पत्रकार को 24 घंटे सजग और सक्रिय रहना होगा।' सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि आज हर व्यक्ति स्वयं को पत्रकार समझने लगा है, जिससे पेशेवर पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है। विशेष वक्ता के रूप में शामिल डॉ. मौलिक शाह ने कहा कि इतिहास गवाह है कि पत्रकारिता को नियंत्रित करने के प्रयास कभी सफल नहीं हुए। जब तक पत्रकार निष्पक्ष और तथ्यात्मक खबरें जनता तक पहुंचाते रहेंगे, तब तक पत्रकारिता का अस्तित्व बना रहेगा। उन्होंने कहा कि पीत पत्रकारिता आज विश्वसनीयता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार लल्लूलाल शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय पत्रकारिता एक मिशन थी, लेकिन समय के साथ इसमें बाजारवाद का प्रभाव बढ़ा है। बड़े मीडिया संस्थानों पर कॉरपोरेट प्रभाव बढ़ने से संपादकीय स्वतंत्रता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सबसे पहले खबर देने की होड़ ने पत्रकारिता की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि विज्ञापन आधारित मॉडल और डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने पारंपरिक पत्रकारिता के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। इसके बावजूद पत्रकारों में समाज के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की भावना आज भी बनी हुई है। जार के प्रदेश महासचिव सुरेश पारीक ने पत्रकारों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता को स्वतंत्र और मजबूत बनाए रखने के लिए सरकारों को ठोस नीतियां बनानी चाहिए, ताकि पत्रकार बिना किसी दबाव और भय के कार्य कर सकें। कार्यक्रम की शुरुआत जार के प्रदेशाध्यक्ष संजय सैनी के स्वागत भाषण से हुई।

# आयुष्मान आरोग्य शिविर में टीबी मरीजों को बांटे पोषण किट

### जांच व उपचार के प्रति किया जागरूक

जयपुर टाइम्स




**बीदासर(निस)।** सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को गोवर्धन प्रसाद टांटिया राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर में टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीदासर प्रधान एवं विधानसभा प्रत्याशी संतोष मेघवाल ने शिविर का निरीक्षण कर लाभार्थियों को पोषण किट प्रदान की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करते हुए समय पर जांच और नियमित उपचार के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए लोगों को टीबी जांच और एक्स-रे अवश्य करवाना चाहिए, ताकि रोग की समय रहते पहचान हो सके। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य गांव-ढाणी स्तर तक पहुंचकर टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान करना और उनका त्वरित उपचार सुनिश्चित करना है। इसके लिए आधुनिक पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों की मदद से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश ने शिविर में मौजूद लोगों से टीबी के साथ-साथ शुगर, रक्तचाप और हीमोग्लोबिन की जांच करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है। कार्यक्रम में अस्पताल प्रभारी डॉ. राजेंद्र घोषलिया, डॉ. लोकेश शर्मा, डॉ. प्रियंका, जिला प्रवक्ता अरुण तिवाड़ी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, गोपाल प्रजापत, मनोज पारीक, गणेश प्रजापत सहित अस्पताल स्टाफ व नागरिक मौजूद रहे।

## आरपीएससी प्राध्यापक कोच भर्ती परीक्षा आज से

### जिले में 41 केंद्रों पर 56 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) अजमेर की ओर से आयोजित प्राध्यापक, प्राध्यापक (कृषि) व कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025 (माध्यमिक शिक्षा विभाग) का आयोजन 31 मई से 5 जून तक जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा के लिए झुंझुनूं जिले में कुल 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 56 हजार 736 अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य ने बताया कि जिले में झुंझुनूं मुख्यालय पर 16, बगड़ में 6, चिड़ावा में 13 व नवलगढ़ के 6 केंद्रों परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी । परीक्षा का आयोजन लगातार छह दिनों तक दो पारियों में किया जाएगा। परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके लिए 1,979 वीक्षक, 13 उप समन्वयक, 105 पर्यवेक्षक तथा 7 सतर्कता दल नियुक्त किए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा संचालन के दौरान आयोग की गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## वंदे गंगा अभियान के तहत दलेलपुरा में जल संरक्षण के लिए विविध आयोजन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस.)।** वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत शनिवार को खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र के दलेलपुरा गांव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई, पीपल पूजन किया गया तथा श्रमदान के माध्यम से जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण सलाहकार समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर थे। विशिष्ट अतिथि खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर, जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग एवं अभियान संयोजक मुकेश दाधीच रहे। इस अवसर पर प्रेम सिंह बाजोर ने कहा कि अभियान के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने वर्षा जल संचयन, पौधारोपण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में जनभागीदारी को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में चारागाह भूमि विकास और तारबंदी कार्यों पर भी चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़, जिला परिषद सीईओ पुरुषोत्तम धानका, उपखंड अधिकारी सुनील कुमार चौहान सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार: सहारण

### बूंटिया में कार्यक्रम, महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत शनिवार को चूरू के निकटवर्ती ग्राम बूंटिया के रा.उ.मा. विद्यालय में जल पूजन व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम धीरज झाझड़िया ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अभिषेक चोटिया रहे। इस दौरान अधिकारियों -जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को जल व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन, जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा अधिकाधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। बदलते पर्यावरण परिदृश्य में जल संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही प्रदेश सरकार के जल संरक्षण के प्रयास सफल होंगे और इससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। उपखंड अधिकारी धीरज झाझड़िया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा वंदे गंगा अभियान जनभागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण की संस्कृति को मजबूत बनाने का प्रयास है। उन्होंने ग्रामीणों को जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महिलाओं ने गांव के मंदिर से विद्यालय परिसर तक कलश यात्रा निकाली और मंगल गीत गाते हुए जल के सांस्कृतिक महत्व के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में अतिथियों व ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जल पूजन एवं पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण तथा जल स्रोतों के संवर्धन का संकल्प लिया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी मनोज मीणा, सहायक अभियंता अशोक कुमार ढ़ाका, वाटरशेड सहायक अभियंता जुगल किशोर, बंशीधर, डॉ. निरंजन चिरानिया, लालचंद फौजी, हेतराम, दिलीप स्वामी, सुरेंद्र ढ़ाका, कनिष्ठ अभियंता प्रवीणा कानखेड़िया, ओमप्रकाश प्रजापत, सुनील ढ़ाका, विजय कस्वां, चंद्रकला, संजय, मनीराम, नोरतमल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।